कोटद्वार, मंगलवार
24 मार्च 2026
वर्षः 48
अंकः 294 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### डंपर–कार की भिड़ंत में दो बच्चों समेत छह पर्यटक घायल

चमोली। औली से पर्यटकों को लेकर ज्योतिर्मठ आ रही एक कार की डंपर के साथ भिड़ंत हो गई। हादसे में दो बच्चों समेत छह पर्यटक घायल हो गए। कार सवार सभी लोग लखनऊ निवासी हैं। सभी पर्यटकों को ज्योतिर्मठ सीएचसी लाया गया जहां से चार लोगों को रेफर कर दिया गया। लखनऊ से औली घूमने आए पर्यटक अपनी कार से सोमवार दोपहर को औली से ज्योतिर्मठ की ओर आ रहे थे। दोपहर करीब सवा दो बजे वन विभाग कार्यालय जाने वाले रास्ते के पास सामने से आ रहे डंपर से उनकी कार की भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में छह लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योतिर्मठ पहुंचाया। सिर पर चोट के कारण चार लोगों को रेफर कर दिया गया। रेफर होने वालों में अयान (सात साल) पुत्र अखतर, शबान आलम (42), आयत (छह साल) और सना (34) शामिल हैं। कोतवाली प्रभारी देवेंद्र रावत ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### यमुनोत्री पैदल मार्ग पर लकड़ी के फट्टों से हटाई जा रही बर्फ

उत्तरकाशी। चारधाम यात्रा को लेकर यमुनोत्री पैदल मार्ग पर लोनिवि की तैयारियों पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पैदल मार्ग पर तैनात मजदूर बर्फ हटाने के लिए फावड़े या जरूरी उपकरणों के बजाय लकड़ी और प्लाईवुड के फट्टों का इस्तेमाल करते नजर आ रहे हैं। आरोप है कि विभाग यात्रा तैयारियों को गंभीरता से लेने के बजाय केवल खानापूर्ति कर रहा है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब यात्रा शुरू होने में एक महीने से भी कम समय बचा है तब इस धीमी रफ्तार से काम आखिर कैसे पूरा होगा। 19 अप्रैल को यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा का शुभारंभ होना है लेकिन मौजूदा हालात देखकर लगता है कि यमुनोत्री पैदल मार्ग पर तैयारियां अभी भी काफी सुस्त गति से आगे बढ़ रहा है। तस्वीरों में भी साफ देखा जा सकता है कि कार्य में तेजी और संसाधनों की कमी बनी हुई है। यात्रा सीजन नजदीक आने के साथ श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए समय रहते प्रभावी कार्रवाई जरूरी मानी जा रही है। ऐसे में विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होना स्वाभाविक है। विभागीय लापरवाही से धाम में अन्य कार्यों को करवाने के लिए वहां पहुंचना मुश्किल है जिससे अन्य काम भी प्रभावित होना स्वाभाविक है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता तरुण कांबोज का कहना है कि अगर ऐसा है तो मामले का संज्ञान लिया जाएगा और काम में लगे मजदूरों को आवश्यक उपकरण उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके अलावा और मजदूरों की संख्या बढ़ाकर जल्द बर्फ हटाने के साथ ही अन्य कार्यों को शुरू किया जाएगा।

### ट्रक का टायर मलबे में धंसा, दो घंटे बदरीनाथ हाईवे बंद रहा

चमोली। बदरीनाथ हाईवे पर बेलाकूची–टंगणी के पास ट्रक का टायर मलबे में धंसने से हाईवे करीब दो घंटे तक बाधित रहा। हाईवे पर फंसे लोगों की मदद से ही पुलिस ने ट्रक को किनारे करवाया। हाईवे खुलने पर लोगों ने राहत की सांस ली। बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग बेलाकूची–टंगणी के पास बदहाल बना हुआ है। पिछले साल हुए भूस्खलन से हाईवे पर गड्ढे हो चुके हैं। इन दिनों यहां पहाड़ी के सुधारीकरण कार्य के साथ ही हाईवे पर भी काम चल रहा है जिससे हाईवे पर बिछाई मिट्टी बारिश होने से कीचड़ में तब्दील हो गई है। सोमवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजे सामान से लदे ट्रक का टायर यहां गड्ढे में धंस गया। काफी मशक्कत के बाद भी ट्रक न आगे बढ़ पाया और न ही पीछे आ पाया। ट्रक फंसने से हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लाइन लग गई। स्थानीय जयदीप रावत ने बताया कि वे गोपेश्वर जा रहे थे लेकिन ट्रक फंसने से हाईवे बंद हो गया। करीब दो घंटे तक पुलिस और हाईवे पर फंसे लोगों ने कड़ी मशक्कत की उसके बाद ट्रक को किनारे किया जा सका। कोतवाली प्रभारी देवेंद्र रावत ने बताया कि हाईवे के इस क्षेत्र में बार–बार वाहनों के फंसने की शिकायत आ रही है। मौके पर पुलिस कर्मी तैनात कर दिए गए हैं।

# मुख्यमंत्री ने किया 401.86 करोड़ की विकास योजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को परेड ग्राउंड, देहरादून में आयोजित ह्लजन-जन की सरकार चार साल बेमिसाल, उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर अग्रसर उत्तराखण्डह्व कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 401.86 करोड़ की लागत से कुल 74 विकास योजना का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें 99.44 करोड़ की 33 योजनाओं का शिलान्यास एवं 302.42 करोड़ की 41 विकास योजनाओं का लोकार्पण शामिल है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 7898.74 लाख की लागत से नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत सपेरा बस्ती में आई0 एण्ड डी0 एवं 15 एम.एल.डी, एस.टी.पी निर्माण कार्य, 2846 लाख की लागत से आराघर चौक से मोथरोवाला तक ट्रक सीवर बिछाना, 1903.59 लाख की लागत से देहरादून शहर के सहारनपुर चौक से पथरीबाग चौक तक ट्रक सीवर लाइन योजना, 1860.04 लाख की लागत से देहरादून शहर के इंदिरानगर आवास विकास कॉलोनी क्षेत्र की जलोत्सारण पुनर्गठन योजना, 754.28 लाख की लागत से इंदिरा नगर देहरादून में निर्मित 5 एम.एल.डी के एस.टी.पी. में एस.पी.एस निर्माण सीवर राईजिंग में बिछाने एवं तत्संबन्धी कार्य, 740.84 लाख की लागत से देहरादून शहर के ओम सिटी एवं कुसुम विहार क्षेत्र में सीवर लाइन योजना, 659.31 लाख की लागत से चमन विहार सीवरेज योजना, 432.13 लाख की लागत से शव विच्छेदन गृह, चन्दरनगर परिसर में सी.एम. एस.डी. स्टोर, शीत श्रंखला (प्रतिरक्षण) एवं सभागार के निर्माण कार्य, 496.89 लाख की लागत से आर.आई.डी.एफ योजनान्तर्गत हीफर रियरिंग फार्म पशुलोक ऋषिकेश के अतिरिक्त आवश्यक निर्माण कार्य, 167.49 लाख की लागत से रा.औ.प्र० संस्थान, चकराता में बालिका छात्रावास (20 शैय्या) एवं टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण कार्य, 661.69 लाख की लागत से जनपद देहरादून के विकास खण्ड डोईवाला के अन्तर्गत ऋषिकेश क्षेत्र में पशुलोक बैराज डाउनस्ट्रीम की और गंगा के दायें तट पर शारदापीठ घाट एवं मीराबेन घाट का निर्माण कार्य, 236.24 लाख की लागत से जनपद देहरादून के विकासखण्ड चकराता में 03 पर्वतीय नहरों के जीर्णोद्धार की योजना (कफना, खरकोटा, चायला नहर), 143.08 लाख की लागत से जनपद देहरादून के विकासखण्ड चकराता में 04 पर्वतीय नहरों के जीर्णोद्धार की योजना (कुन्ना, कचटा, राठू, नाडा नहर), 452.74 लाख की लागत से विकासखण्ड कालसी में ग्राम पुरानी कालसी एवं जामुनस्रोत में अमलावा नदी से बाढ़ सुरक्षा योजना, 290.96 लाख की लागत से विकासखण्ड चकराता में तहसील त्यूनी के अन्तर्गत ग्राम गुण्डा (ग्राम पंचायत बृनाड बास्तील) में स्टेडियम पोस्टमार्टम हाउस, तहसील एवं बस्ती की टॉस नदी से बाढ़ सुरक्षा योजना (बांये तट पर), 464.66 लाख की लागत से विकासखण्ड चकराता में तहसील त्यूनी के अन्तर्गत ग्राम गुण्डा (ग्राम पंचायत बृनाड बास्तील) में स्टेडियम पोस्टमार्टम हाउस, तहसील एवं बस्ती की टॉस नदी से बाढ़ सुरक्षा योजना, 52.85 लाख की लागत से मसूरी विधानसभा क्षेत्र के सालावाला (हाथीबड़कला) के खाले में सर्वे झील से सालावाला पुल तक बैड का निर्माण कार्य, 383.56 लाख की लागत से जनपद देहरादून के विधानसभा राजपुर के अन्तर्गत चन्दरनगर क्षेत्र के बरसाती नाले की जल निकासी की योजना का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने 70.74 लाख की लागत से राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र डोईवाला मे ग्राम सभा रामनगर डांडा के ग्राम मिढ़ावाला में कलम सिंह के घर से सुनील के घर तक मार्ग का निर्माण कार्य, 337.85 लाख की लागत से राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र ऋषिकेश के अन्तर्गत श्यामपुर के भल्लाफार्म नं० 8 में विभिन्न आन्तरिक मार्गों का निर्माण कार्य, 119.96 लाख की लागत से विधानसभा क्षेत्र डोईवाला में पंचायत घर नकरौन्दा से रेलवे फाटक 31 की तरफ डामरीकरण का कार्य, 60.87 लाख की लागत से राज्य योजना के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र डोईवाला के वार्ड नं0 2, 3 एवं ग्राम पंचायत कालूवाला में आन्तरिक मार्गों का इण्टरलॉकिग टाईल्स द्वारा निर्माण कार्य, 38.45 लाख की लागत से राज्य योजना के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र डोईवाला के अन्तर्गत कोठारी मोहल्ला वार्ड नं0 5 के ह्लखाली क्षेत्रह्व में श्री धनीराम उनियाल की दुकान के बाद से होते हुए श्री सदानन्द उनियाल के घर तक मार्ग का इण्टरलॉकिग टाईल्स द्वारा सुधारीकरण का कार्य, 25.83 लाख की लागत से कृषि निवेश केन्द्र, मारखमग्रान्ट, 457.66 लाख की लागत से जगतपुर से दुधई मोटर मार्ग अपग्रेडशन, 414.13 लाख की लागत से पैधा से मझौन मोटर मार्ग अपग्रेडशन, 472.92 लाख की लागत से मुंशीघाटी से ध्वैरा देऊ मोटर मार्ग, 1884.02 लाख की लागत से कोटी डिमऊ मोटर मार्ग, 255.72 लाख की लागत से जमनीपुर से जामनखाता मोटर मार्ग , भवन निर्माण कार्य का लोकार्पण किया।

## मुख्यमंत्री ने इन योजनाओं का किया शिलान्यास

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 905 .20 लाख की लागत से रिंग फैंस (राज्य सैक्टर) कार्यक्रम के अन्तर्गत देहरादून शहर के साकेत कॉलोनी, कैनाल रोड (जोन-सी के छुटे हुये क्षेत्र) सीवरेज योजना, 385 .78 लाख की लागत से विधानसभा मसूरी में ग्राम पंचायत सेरकी में बांदल नदी के दांये तट पर बाढ़ सुरक्षा योजना, 288 .75 लाख की लागत से विधानसभा मसूरी में ग्राम घन्तु का सेरा में बांदल नदी के दांये तट पर बाढ़ सुरक्षा योजना, 497 लाख की लागत से डोईवाला विकासखण्ड के अन्तर्गत सुसवा नदी के दोनों किनारों पर स्थित कुड़कावाला बस्ती की बाढ़ सुरक्षा कार्य, 256 .68 लाख की लागत से विकासखण्ड डोईवाला में जाखन नदी के दांये तट पर स्थित ग्राम अठूरवाला वाला वार्ड संख्या-09 (सुनार गांव) की जाखन नदी से बाढ़ सुरक्षा कार्य, 183 .05 लाख की लागत से विकासखण्ड डोईवाला में बालावाला नहर के कमाण्ड क्षेत्र में आ रहें कुलावों के पुनरोद्धार कार्य की योजना, 427 .55 लाख की लागत से डोईवाला विकास खण्ड में ठाकुरपुर नहर, खैरीखुर्द नहर, गढ़ी मयचक नहर, श्यामपुर नहर, एवं खैरी कला नहर के पुनरोद्वार निर्माण की योजना, 207 .27 लाख की लागत से विकासखण्ड विकासगनर में चिलियों नहर की जीर्णोद्धार की योजना, 167 .34 लाख की लागत से विकासनगर विकासखण्ड में ढालीपुर नहर के जीर्णोद्धार की योजना, 270 .27 लाख की लागत से विकासखण्ड विकासनगर के अन्तर्गत कटापत्थर नहर के रीच 4 .500 किमी. से 5 .800 किमी. (बाडवाला) के मध्य नहर का सुरक्षात्मक कार्य की योजना, 479 .24 लाख की लागत से विकासखण्ड विकासनगर के अन्तर्गत ढकरानी नहर जीर्णोद्धार की योजना, 345 .37 लाख की लागत से विकासखण्ड विकासनगर में रामबाग नहर की जीणोद्धार की योजना, 348 .75 लाख की लागत से जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर में फतेहपुर नहर के जीर्णोद्धार की योजना, 155 .29 लाख की लागत से विकासखण्ड सहसपुर में नाबार्ड मद के अन्तर्गत डूंगा नहर के जीर्णोद्धार कार्य की योजना, 278 .30 लाख की लागत से विकासखण्ड सहसपुर के अन्तर्गत पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी नहर एंव कुलावों के जीर्णोद्धार की योजना, 430 .85 लाख की लागत से विकासखण्ड सहसपुर में आसन नहर की जीणोद्धार की याजना, 138 .45 लाख की लागत से विकासखण्ड विकासनगर के अन्तर्गत डोबरी नहर के कुलावो एंव डोबरी फीडर की जीर्णोद्धार की योजना, 430 लाख की लागत से विधानसभा क्षेत्र धर्मपुर में नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत सुसवा नदी के दोनों तटों पर दूधा देवी पुल के डाउनस्ट्रीम में बाढ सुरक्षा योजना, 77 .52 लाख की लागत से राजकीय कृषि बीज भण्डार, सहसपुर, 1306 .64 लाख की लागत से विधानसभा क्षेत्र डोईवाला में नागल ज्वालापुर से डोईवाला के मध्य सड़क का चौडीकरण का कार्य, 144 .49 लाख की लागत से राज्य योजना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र डोईवाला में ग्राम ककनावा, लेखक गाँव, सिन्धवालगॉव मोटर मार्ग का विस्तारीकरण, सुधारीकरण एवं दीवारों का निर्माण / पुनर्निर्माण का कार्य, 284 .77 लाख की लागत से राज्य योजना के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र ऋषिकेश में ग्राम सभा हरिपुरकलां में विभिन्न आन्तरिक मार्गों का निर्माण कार्य, 83 .88 लाख की लागत से राज्य योजना के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र ऋषिकेश में ग्राम पंचायत छिद्दरवाला के वार्ड संख्या 1, 3, एवं 11 के आन्तरिक मार्गों का निर्माण, 179 .49 लाख की लागत से राज्य योजना के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र ऋषिकेश में गुमानीवाला वार्ड सं0 14 में आकाशीय भैरव मन्दिर मुख्य मार्ग एव आन्तरिक मार्गों का इण्टरलॉकिग टाईल्स द्वारा निर्माण, 166 .90 लाख की लागत से राज्य योजना के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र ऋषिकेश में ग्राम सभा छिद्दरवाला चकजोगीवाला में विभिन्न सम्पर्क मार्गों का निर्माण, 135 .58 लाख की लागत से राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र ऋषिकेश में ग्रामसभा खैरीकलां में माधव सिंह पयाल के घर से राजेन्द्र सिंह नेगी के घर तक एवं अन्य लिंक मार्गों का इण्टरलॉकिग टाईल्स द्वारा निर्माण, 248 .14 की लागत से राज्य योजना के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र ऋषिकेश में श्यामपुर के भल्लाफार्म नं0 10 एवं 20 में विभिन्न आन्तरिक मार्गों का निर्माण कार्य, 73 .86 लाख की लागत से राज्य योजना के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र डोईवाला के रानीविहार, मौजा रानीपोखरी की आवासीय कालॉनी के विभिन्न आन्तरिक मार्गों का निर्माण, 53 .19 लाख की लागत से विधानसभा क्षेत्र स डोईवाला के वार्ड नं. 10 भानियावाला के विभिन्न मार्गों का इण्टरलॉकिग टाईल्स द्वारा मार्ग निर्माण कार्य,

# असम के एयरफोर्स स्टेशन से पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार

### 2023 से पाकिस्तान को दे रहा था जानकारी

डिब्रूगढ़ ,वायुसेना और राजस्थान इंटेलिजेंस की टीम ने असम के वायुसेना अड्डे पर तैनात एक कर्मचारी को पाकिस्तान की जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुमित कुमार (36) के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के लाहुरपार का निवासी है और एयरफोर्स स्टेशन में एमटीएस (मल्टी टास्किंग स्टाफ) के पद पर कार्यरत है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (खुफिया विभाग) प्रफुल्ल कुमार के अनुसार सुमित कुमार अपने पद का दुरुपयोग करते हुए भारतीय वायुसेना से जुड़ी संवेदनशील



जानकारियां एकत्रित करता था और उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स तक पहुंचाता था। जांच में सामने आया है कि वह वर्ष 2023 से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों के संपर्क में था और पैसों के बदले गोपनीय सूचनाएं साझा कर रहा था। इस मामले की शुरुआत जनवरी 2026 में राजस्थान के जैसलमेर निवासी झबराराम की गिरफ्तारी से हुई थी। उससे पूछताछ के दौरान सुमित कुमार का नाम सामने आया। इसके बाद राजस्थान इंटेलिजेंस ने वायुसेना खुफिया विभाग, नई दिल्ली के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को छबुआ से हिरासत में लिया।

पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी ने न केवल छबुआ एयरफोर्स स्टेशन बल्कि बीकानेर जिले के नाल एयरफोर्स स्टेशन सहित अन्य सैन्य ठिकानों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा कीं।

### दर्दनाक हादसा : एम्बुलेंस और ट्रक की जबरदस्त भिड़ंत, 7 की गई जान, 1 घायल

सोनितपुर ,असम के सोनितपुर जिले में देर रात एक भीषण सड़क हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 15 पर उस समय हुई, जब एक एम्बुलेंस की ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई।

जानकारी के अनुसार, एम्बुलेंस ट्यूलिप टी गार्डन क्षेत्र से एक मरीज और उसके परिजनों को लेकर तेजपुर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जा रही थी। इसी दौरान ढेकियाजुली थाना क्षेत्र में यह हादसा हो गया।

सोनितपुर के एसएसपी के मुताबिक, दुर्घटना में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान एक और व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। इस तरह मृतकों की संख्या बढ़कर सात हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंचीं और तुरंत बचाव अभियान शुरू किया। दुर्घटना के कारण बाधित यातायात को बाद में बहाल कर दिया गया।

# वीआईपी कल्चर पर जया बच्चन ने जताई आपत्ति

### कहा– यह जनता और सांसदों की गरिमा का मुद्दा

नई दिल्ली । राज्यसभा सांसद जया बच्चन ने वीआईपी संस्कृति को लेकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। राज्यसभा में बोलते हुए उन्होंने इसे एक गंभीर विषय बताया। सांसद ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बढ़ती वीआईपी संस्कृति की इस प्रवृत्ति पर वह कड़ी आपत्ति जता रही हैं। अपने वक्तव्य में उन्होंने वीआईपी संस्कृति को समाज के लिए एक गंभीर खतरा बताया। उन्होंने कहा कि यह वीआईपी संस्कृति विशेष रूप से दिल्ली जैसे महानगर में आम नागरिकों के जीवन को बाधित कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब भी किसी वीआईपी का आवागमन होता है, चाहे वह राजनेता हो, उच्च अधिकारी हो या कोई अन्य गणमान्य व्यक्ति, तो सड़कों



पर अन्य लोगों को रोक दिया जाता है। ट्रैफिक डायवर्जन किए जाते हैं और आम लोगों को लंबे समय तक अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए इंतजार करना पड़ता है। जया बच्चन ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए बताया कि हाल ही में संसद से बाहर निकलते समय मुख्य द्वार को वीआईपी मूवमेंट के कारण बंद कर दिया गया था, जिससे उन्हें और अन्य सांसदों को भी रोका गया। उन्होंने इसे अपने 22 वर्षों के संसदीय जीवन का सबसे अपमानजनक अनुभव बताया। उनका कहना था कि जनप्रतिनिधि होने के बावजूद इस प्रकार का व्यवहार अस्वीकार्य है, क्योंकि वे (सांसद) किसी भी वीआईपी के लिए खतरा नहीं हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली में कई ऐसे इलाके हैं जहां बड़े राजनीतिक नेता रहते हैं और वहां अक्सर सड़कें बंद कर दी जाती हैं, जिससे संसद पहुंचना भी मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि वीआईपी मूवमेंट के कारण कई बार सांसदों को आधे–आधे घंटे तक इंतजार करना पड़ता है और उन्हें अपनी यात्रा का समय पहले से तय करना पड़ता है ताकि वे समय पर सदन में पहुंच सकें।

# मिडिल ईस्ट युद्ध का असर लंबा चल सकता है, हमें कोरोना संकट की तरह तैयार रहना होगा : पीएम मोदी

नई दिल्ली ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिमी एशिया के स्थिति को चिंताजनक बताया है। उन्होंने सोमवार को लोकसभा में पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और उससे भारत के सामने आई परिस्थितियों पर बोलते हुए कहा कि सरकार संवेदनशील, सतर्क और हर सहायता के लिए तत्पर है। पीएम मोदी ने लोकसभा में बताया कि ईरान–इजरायल जंग का असर लंबा चल सकता है। हमें कोरोना संकट की तरह तैयार रहना होगा। हालांकि, हम भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए वैकल्पिक उपाय भी तलाश रहे हैं।



पश्चिमी एशिया के हालात चिंताजनक है। पिछले दो तीन हफ्तों में एस जयशंकर और हरदीप सिंह पुरी ने इस विषय पर सदन को जरूरी जानकारी दी है। अभी इस संकट को तीन सप्ताह से ज्यादा हो रहा है। इससे देशों की अर्थव्यवस्था और लोगों के जीवन पर विपरीत असर हो रहा है। इसलिए दुनिया संकट के जल्द से जल्द समाधान के लिए सभी पक्षों से आग्रह कर रही है

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत के सामने भी युद्ध ने अप्रत्याशित चुनौतियों खड़ी की हैं। ये चुनौतियां आर्थिक भी हैं, नेशनल सिक्योरिटी से जुड़ी भी हैं और मानवीय भी हैं। युद्धरत और युद्ध से प्रभावित देशों के साथ भारत के व्यापक और व्यापारिक रिश्ते हैं। जिस क्षेत्र में युद्ध हो रहा है, वह दुनिया के दूसरे देशों के साथ हमारे व्यापार का भी महत्वपूर्ण रास्ता है। विशेष रूप से कच्चे तेल और गैस की जरूरतों का बड़ा हिस्सा यही क्षेत्र पूरा करता है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए ये क्षेत्र एक और कारण से भी अहम है। लगभग एक करोड़ भारतीय खाड़ी देशों में रहते हैं और वहां काम करते हैं। वहां समंदर में जो कमर्शियल शिप चलते हैं, उनमें भारतीय क्रू मैंबर की संख्या भी बहुत अधिक है। ऐसे अलग–अलग कारणों के चलते भारत की चिंताएं स्वभाविक रूप से अधिक हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि भारत की संसद से इस संकट को लेकर एकमत और एकजुट आवाज दुनिया में जाए।

पीएम मोदी ने कहा कि जब से युद्ध शुरू हुआ है, जब से हर भारतीय को जरूरी मदद दी जा रही है। मैंने खुद पश्चिम एशिया के देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ दो राउंड फोन पर बात की है। सभी ने भारतीयों की सुरक्षा का आश्वासन दिया है। दुर्भाग्य से कुछ लोगों की दुखद मृत्यु हुई है और कुछ घायल हुए हैं।

### चारधाम पंजीकरण केंद्र में वेतन के लाले

ऋषिकेश। चारधाम ट्रांजिट एवं पंजीकरण केंद्र में तैनात 25 कर्मचारियों को समय से भुगतान नहीं किया जा रहा है। शिकायत करने पर संबंधित आउटसोर्स एजेंसी संचालक उन्हें नौकरी से निकालने की धमकी दे रहा है। पीड़ित कर्मचारियों ने इसकी शिकायत सहायक श्रमायुक्त से की है, जिसपर उन्हें शीघ्र प्रभावी कार्रवाई का भरोसा मिला है। सोमवार को परेशान कर्मचारी शैल विहार स्थित सहायक श्रमायुक्त कार्यालय पहुंचे। उन्होंने शिकायती पत्र सहायक श्रमायुक्त शैलेष सती को सौंपा। बताया कि वह केंद्र में सुरक्षा, सफाई, पलम्बर, माली और इलेक्ट्रिशियन के तौर पर तैनात हैं। पूर्व में उन्हें महीने में छुट्टियां नहीं दी जा रही थी। शिकायत के बाद आउटसोर्स एजेंसी संचालक ने चार छुट्टियां तो दी, मगर न तो समय पर वेतन का भुगतान हो रहा है और न ही पीएफ का लाभ दिया जा रहा है। बताया कि दो से लेकर चार–चार महीने तक वेतन का भुगतान नहीं हो पाया है, जिससे न सिर्फ खुद, बल्कि परिवार को भरण–पोषण भी मुश्किल हो गया है।सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि एजेंसी संचालक को नोटिस जारी कर पीएफ को लेकर जवाब–तलब किया जा रहा है।

## प्रयागराज में बड़ा हादसा

### अमोनिया गैस टैंक फटने से कोल्ड स्टोरेज धराशायी, आठ मजदूरों की मौत

फाफामऊ ,क्षेत्र के चंदापुर में प्रयागराज–लखनऊ हाईवे पर स्थित सपा नेता और पूर्व मंत्री अंसार अहमद का कोल्ड स्टोरेज तेज धमाके के साथ धराशायी हो गया। अमोनिया गैस टैंक फटने के चलते यह हादसा हुआ है। मलबे में डेढ़ दर्जन से अधिक मजदूर दब गए। आनन फानन में सभी को बाहर निकाला गया। इसमें आठ मजदूरों के मौत की बात कही जा रही है। छह की हालत नाजुक बताई जा रही है। मौके पर दमकल की कई गाड़ियों के साथ कई एंबुलेंस और आसपास के थानों की पुलिस फोर्स रेस्क्यू आपरेशन में जुट गई है। हादसे के चलते मलाक हरहर में लखनऊ हाईवे पर वाहनों का आवागमन रोक दिया गया है।



मौके पर जिलाधिकारी मनीष कुमा वर्मा, पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। मलबे में डेढ़ दर्जन से आशंका जताई जा रहा है। कई लोगों को बाहर निकालकर एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया है। फाफामऊ समेत आसपास के कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई है। बताया जा रहा है कि मौके से निकाले गए चार मजदूरों की हालत नाजुक बनी हुई है। मौके पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम भी बचाव कार्य में जुट गई है।

## लाल किला विस्फोट मामला :

# एनआईए ने जम्मू–कश्मीर के हंदवाड़ा में कारोबारी के आवास पर मारा छापा

हंदवाड़ा ,जम्मू कश्मीर के हंदवाड़ा में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम गुप्त जानकारी पर छापेमारी कर रही है। दो गाड़ियों में सवार होकर टीम सुबह ही छापेमारी करने पहुंची। एनआईए की टीमों ने सोमवार सुबह हंदवाड़ा के गुलोरा इलाके में एक कारोबारी के आवास पर छापा मारा। यह छापेमारी संभवतः दिल्ली के लाल किले विस्फोट मामले के संबंध में की जा रही है। एनआईए के अधिकारियों ने कारोबारी के आवास पर पहुंचकर गहन तलाशी ली। टीम ने दस्तावेजों, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और अन्य सामग्रियों की बारीकी से जांच की। छापेमारी के दौरान कारोबारी के घर



हथियारों से लैस सुरक्षाकर्मी मुस्तैद हैं। सूत्रों के मुताबिक, कारोबारी का बम धमाके से कनेक्शन होने की जानकारी मिली है। फिलहाल अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। गौरतलब है कि 10 नवंबर 2025 को राष्ट्रीय राजधानी को दहला देने वाले इस भीषण विस्फोट में 11 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए थे। इस हमले का मुख्य आरोपी उमर उन नबी भी विस्फोट में मारा गया था। एनआईए मामले की गहन जांच कर रही है, जिसका उद्देश्य इस कायराना आतंकी हमले के पीछे की पूरी साजिश का पर्दाफाश करना है। जांच एजेंसी के अनुसार जमीर अहमद और तुफैल अहमद प्रतिबंधित आतंकी संगठन अंसार गजवत–उल–हिंद (एजीएच) के सक्रिय ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) थे।

### सुवेंदु अधिकारी को एफआईआर में दंडात्मक कार्रवाई से मिली अंतरिम राहत

कोलकाता ,कलकत्ता हाई कोर्ट की एकल पीठ ने आज (सोमवार) को पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी को बड़ी राहत दी है। अदालत ने उत्तर 24 परगना जिले के खड़दह थाने में दर्ज एफआईआर के मामले में उन्हें अंतरिम संरक्षण प्रदान करते हुए पुलिस को किसी भी तरह की कार्रवाई करने से रोक दिया। जस्टिस अजय कुमार मुखर्जी की एकल पीठ ने यह आदेश देते हुए कहा कि अगले 12 सप्ताह (जुलाई तक) पुलिस सुवेंदु अधिकारी के खिलाफ कोई दंडात्मक कदम जिसमें गिरफ्तारी भी शामिल है नहीं उठा सकेगी। मामले की अगली सुनवाई जुलाई में निर्धारित की गई है। इस बार सुवेंदु अधिकारी एक साथ दो सीटों से चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें पूर्व मेदिनीपुर जिले की नंदीग्राम विधानसभा सीट शामिल है, जहां वे वर्तमान विधायक हैं। दूसरी ओर, दक्षिण कोलकाता की भवानीपुर सीट से उनका सीधा मुकाबला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से है। इस वजह से यह चुनाव राजनीतिक रूप से काफी अहम माना जा रहा है।

# अब सोने के सिक्कों पर होगी डॉनाल्ड ट्रंप की फोटो, फैसलें से हर कोई हैरान

वॉशिंगटन , अमेरिका की स्वतंत्रता के 250 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक विशेष स्मारक सोने का सिक्का जारी करने की तैयारी की जा रही है, जिसमें पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीर शामिल करने का प्रस्ताव सामने आया है। इस प्रस्ताव ने जहां राजनीतिक और ऐतिहासिक चर्चा को जन्म दिया है, वहीं इसके कानूनी पहलुओं पर भी सवाल उठने लगे हैं।जानकारी के अनुसार, यह 24 कैरेट गोल्ड कॉइन होगा, जिसमें ट्रंप को रेजोल्यूट डेस्क के पास झुके हुए और मुी बांधे हुए दर्शाने की योजना है। यदि यह प्रस्ताव लागू होता है, तो यह बेहद दुर्लभ उदाहरण होगा, क्योंकि आमतौर पर अमेरिकी सिक्कों पर जीवित व्यक्तियों की



तस्वीर नहीं होती।इतिहास में केवल एक बार 1926 में ऐसा हुआ था, जब अमेरिका के 30वें राष्ट्रपति कैल्विन कूलिज की तस्वीर जॉर्ज वॉशिंगटन के साथ एक स्मारक सिक्के पर दिखाई गई थी। वह सिक्का अमेरिका की स्वतंत्रता के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर जारी किया गया था।बताया जा रहा है कि यूएस कमीशन ऑफ फाइन आर्ट्स ने 19 मार्च को हुई बैठक में इस सिक्के के डिजाइन को प्रारंभिक मंजूरी दे दी है। अंतिम डिजाइन तय होने के बाद ही इसका उत्पादन शुरू किया जाएगा।अमेरिकी ट्रेजरर ब्रैंडन बीच ने कहा कि 250वीं वर्षगांठ के लिए तैयार किए जा रहे ये विशेष सिक्के देश की लोकतांत्रिक विरासत और इतिहास को दर्शाने के उद्देश्य से बनाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि समकालीन नेतृत्व को प्रदर्शित करना इस पहल का हिस्सा हो सकता है।

## सम्पादकीय

### चार साल का मजबूरमत सफर

उत्तराखंड सरकार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में अपने चार साल की उपलब्धियां को जनता के आगे रख रही है। सीएम पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड राज्य निर्माण के बाद भाजपा शासित कार्यकाल के पहले ऐसे मुख्यमंत्री बन गए हैं जिन्होंने सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री के पद को संभाले रखा है। इससे पूर्व चाहे उत्तराखंड के पहले मुख्यमंत्री नित्यानंद स्वामी हो या फिर जनरल खंडूरी, त्रिवेंद्र सिंह रावत, तीर्थ सिंह रावत और डॉ रमेश पोखरिया निशंक! कोई भी अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया। हालांकि सीएम धामी को लेकर भी अक्सर उनके कार्यकाल के दौरान कई प्रकार की बातें नेतृत्व परिवर्तन को लेकर उड़ती रही लेकिन उन्होंने इन अफवाहों को दरकिनार कर केवल प्रशासन पर अपना ध्यान केंद्रित रखा और उन्हें इसके लिए केंद्र सरकार का भी पूर्ण सहयोग मिला। मुख्यमंत्री धामी के कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयक जिनमें नकल विरोधी कानून से लेकर ऐसे कई महत्वपूर्ण फैसले शामिल है जो आने वाले समय में उत्तराखंड की सामाजिक और प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करेंगे। समान नागरिक संहिता कानून को पूरे देश में सबसे पहले लागू करना सीएम धामी के महत्वपूर्ण फैसलों में से एक है तो वही धर्मांतरण, लैंड और लव जिहाद जैसे मुद्दों पर भी उनके नेतृत्व में भाजपा सरकार ने कड़े फैसले लिए हैं। अब इस सरकार को लगभग एक वर्ष से भी कम का समय रह गया है और विधानसभा चुनाव 2027 से पहले पांच मंत्रियों को कैबिनेट में शामिल कर उन्होंने जातीय एवं क्षेत्रीय समीकरण में संतुलन बनाने का प्रयास किया है, हालांकि इन पूर्व कांग्रेसी नेताओं के भाजपा में शामिल होने एवं विधायक बनने के बाद उन्हें मंत्री पद दिए जाने पर अंदर खाने कुछ नाराजगी भी नजर आई लेकिन मुख्यमंत्री धामी के इस फैसले से यह भी अब लगभग स्पष्ट है कि आने वाले चुनाव में टिकट के बंटवारे में उनका पूरी तरह से नियंत्रण रहेगा। केंद्र सरकार से सीएम धामी की अच्छी ट्यूनिंग प्रदेश संगठन के अंदर किसी भी प्रकार की अंतरकलह को दबाने के लिए काफी है और केंद्र सरकार भी चुनाव से पहले ऐसा कोई फैसला नहीं लगी जो भाजपा सरकार की फजीहत कराए। खास तौर से नेतृत्व परिवर्तन की सभी बातें अब निर्मूल है और यह निश्चित है कि भाजपा उत्तराखंड विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के नेतृत्व में ही लड़ने वाली है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि मुख्यमंत्री धामी ने विभिन्न मौका में आम जनता के बीच जाकर अपनी उपस्थिति का एहसास कराया है जिम खास तौर से आपदा की ऐसी घटनाएं शामिल है जब इससे प्रभावित लोग काफी परेशानियों में थे। निश्चित तौर पर सीएम धामी का 4 वर्ष का कार्यकाल संतोषजनक कहा जा सकता है हालांकि कुछ प्रकरणों को लेकर सरकार पर सवाल भी खड़े हुए हैं लेकिन देश की कोई भी सरकार ही शायद ऐसी होगी जिसे आलोचनाओं से ना गुजरना पड़ता हो। फिलहाल भाजपा पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटेगा और इस बार के चुनाव में स्थायित्व की सरकार का एक खास हथियार भी भाजपा के पास होगा।

# पाक का काबूल पर कायराना हमला इंसानियत के लिये खतरा

**सौरभ वार्ष्णेय**



**रमजान का सार ही यह है कि इंसान अपने भीतर झांककर बुराइयों से दूर रहे और समाज में प्रेम, भाईचारे और सहयोग को बढ़ावा दे। लेकिन काबुल में हुआ हमला इस पवित्र भावना के ठीक विपरीत है। निदोष लोगों की जान लेना किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता। यह न केवल एक देश की संप्रभुता पर हमला है, बल्कि पूरी मानवता के खिलाफ अपराध है। यदि इस हमले में किसी भी देश या तत्व की संलिप्तता साबित होती है, तो अंतरराष्ट्रीय समुदाय को बिना किसी भेदभाव के सख्त कदम उठाने चाहिए। आतंक और हिंसा के प्रति चयनात्मक रवैया ही ऐसी घटनाओं को बढ़ावा देता है। जरूरत इस बात की है कि वैश्विक मंचों पर एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ ठोस और निष्पक्ष नीति अपनाई जाए। दक्षिण एशिया पहले से ही अस्थिरता और अविश्वास के दौर से गुजर रहा है। ऐसे में इस तरह की घटनाएं क्षेत्रीय शांति को और कमजोर करती हैं।**

कहते है कि पवित्र रमजान का महीना आत्मसंयम, करुणा और इंसानियत की सेवा का संदेश देता है। ऐसे समय में काबुल पर हुआ कथित कायराना हमला न सिर्फ मानवीय मूल्यों का अपमान है, बल्कि यह पूरी दुनिया के लिए गंभीर चिंता का विषय भी है। जब दुनिया शांति और सह–अस्तित्व की बात कर रही हो, तब इस तरह की हिंसक घटनाएं सभ्यता के मूल सिद्धांतों को चुनौती देती हैं।

रमजान का सार ही यह है कि इंसान अपने भीतर झांककर बुराइयों से दूर रहे और समाज में प्रेम, भाईचारे और सहयोग को बढ़ावा दे। लेकिन काबुल में हुआ हमला इस पवित्र भावना के ठीक विपरीत है। निदोष लोगों की जान लेना किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता। यह न केवल एक देश की संप्रभुता पर हमला है, बल्कि पूरी मानवता के खिलाफ अपराध है। यदि इस हमले में किसी भी देश या तत्व की संलिप्तता साबित होती है, तो अंतरराष्ट्रीय समुदाय को बिना किसी भेदभाव के सख्त कदम उठाने चाहिए। आतंक और हिंसा के प्रति चयनात्मकइ रवैया ही ऐसी घटनाओं को बढ़ावा देता है। जरूरत इस बात की है कि वैश्विक मंचों पर एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ ठोस और निष्पक्ष नीति अपनाई जाए। दक्षिण एशिया पहले से ही अस्थिरता और अविश्वास के दौर से गुजर रहा है। ऐसे में इस तरह की घटनाएं क्षेत्रीय शांति को और कमजोर करती हैं। यह समझना होगा कि युद्ध और हिंसा का रास्ता किसी समस्या का समाधान नहीं है। बातचीत, कूटनीति और आपसी विश्वास ही स्थायी शांति का आधार बन सकते हैं।आज सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या हम रमजान जैसे पवित्र अवसर पर भी इंसानियत का सम्मान नहीं कर सकते? काबुल की यह घटना हमें चेतावनी देती है कि अगर समय रहते हिंसा के इस चक्र को नहीं रोका गया, तो इसके परिणाम और भी भयावह हो सकते हैं। यह समय है जब दुनिया को एकजुट होकर यह संदेश देना चाहिए कि इंसानियत सर्वोपरि है। किसी भी प्रकार की हिंसा, चाहे वह किसी भी नाम पर हो, उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। रमजान के इस पावन महीने में शांति, सहिष्णुता और मानवता के मूल्यों को पुनः स्थापित करना ही सच्ची श्रद्धा होगी।

यह हमला ऐसे समय में हुआ जब तीन देश आमने सामने खुलेआम मिसाइलों से हमले कर रहे हैं । इस युद्व की वजह से पूर्ण विश्व महंगाई सहित अन्य चीजों से कराहा उठा है। कच्चे तेल ने खेल ही कर दिया। बात कर रहे हैं पाकिस्तान की जो कि अन्य देशों की तुलना में भुखमरी के कगार पर है ऐसे में वह काबुल पर असमय बमबारी कर रहा है मासूमों की जान ले रहा है। पूरा विश्व खामोशी के साथ यह सब देख रहा है। ज्ञात रहे कि पाकिस्तान को अपने आस्तीन में पालने वाले देश भी भलीभांति जान ले कि जो दूसरों के लिए गड्ढा खोदता है सबसे पहले वही उस गड्ढे में गिरता है। ऐसा ही हाल उन देशों का हो रहा है जो अपने महान देश बनाने के चक्कर में शांति के लिये भी खतरा बनते जा रहे हैं।

ऐसे पाकिस्तान देश कितने दिनों के हैं। जब दूसरे पर बम फोड रहे हैं तो दूसरा देश बदला तो लेगा ही। कहने का आशय है कि जो देश गरीबी में जी हरा है। वह अपने को विकास करने की जगह अपने को आग की भट्टी में झोंक रहा है।

भारत ने भी कड़े शब्दों में निंदा कर कहा है कि पाकिस्तान अब इस नरसंहार को सैन्य अभियान का नाम देने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान द्वारा किया गया यह घृणित आक्रमण अफगानिस्तान की संप्रभुता पर एक स्पष्ट हमला है और क्षेत्रीय शांति तथा स्थिरता के लिए सीधा खतरा है। यह पाकिस्तान के लगातार लापरवाह व्यवहार और अपनी आंतरिक विफलताओं को सीमा पार हिंसा के बढ़ते हिंसक कृत्यों के माध्यम से छिपाने के बार–बार किए जाने वाले प्रयासों को दर्शाता है। यह हमला रमजान के पवित्र महीने के दौरान किया गया, जो दुनिया भर के मुस्लिम समुदायों के लिए शांति, चिंतन और दया का समय होता है, जो इसे और भी निंदनीय बनाता है। ऐसा कोई धर्म, कोई कानून या कोई नैतिकता नहीं है जो किसी अस्पताल और उसके मरीजों को जानबूझकर निशाना बनाने को उचित ठहरा सके। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस आपराधिक कृत्य के दोषियों को जवाबदेह ठहराना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अफगानिस्तान में पाकिस्तान द्वारा नागरिकों को निशाना बनाने का यह अंधाधुंध हमला तत्काल बंद हो।

पाकिस्तान को स्वयं अपने अंदर झांकना चाहिए। 1947 से भारत से अलगहोकर पता नहीं क्यों अपने अंदर इतनी नफरत पाल ली है कि उसमें से वह निकलना नहीं चाहता ? दो भाई जब अलग होते हैं जो कि एक सामान्य सी प्रक्रिया है। हालांकि अलग होने में दर्द बहुत होता है लेकिन विस्तार के लिए यानी पाकिस्तान का जिसके लिए निर्माण हुआ वह 1947 के बाद से आज तक दिखा नहीं? पाकिस्तान को भारत को कमजोर करने के लिए कुछ विदेशी ताकतें पोश रही है लेकिन भारत पूर्व में भी अपनी शांति का परिचय देता आया है लेकिन जब जब जरूरत पड़ी तब तब अदम्य साहस विकसितता का परिचय देता आया है।

# जंग के बीच भारत की सफल कूटनीति से एलपीजी लेकर सुरक्षित भारत पहुंचे जहाज

**सौरभ वार्ष्णेय**

**भारत शुरु से ही शांतिप्रिय देश है और हमेश से शांति में ही रहने से अपील करता आया है। ऐसे में मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बाद एलपीजी गैस की सप्लाई प्रभावित हुई इसमें कहने से गुरेज नहीं करना चाहिए क्योंकि एलपीजी का अधिक समय तक स्टोरेज नहीं कर सकते? ऐसे समय में जब भारत देश में गैस एजेंसी के बाहर लम्बी लम्बी लाइनें लग रही है जो कि अब स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से भारत में एलपीजी की आपूर्ति होना शुरू होने के बाद इस समस्या के अंत के अच्छे संकेत हैं।**

इसे भारत की सफल कूटनीति की जीत तो कहा ही जायेगा इसके साथ–साथ भारत ने अपनी अदम्य सहास का परिचय भी दे दिया है। यानी देशवासी अब चिंता न करें । एलपीजी की समस्या जल्द सामान्य हो जायेगी। क्योंकि जैसे युद्व के बीच दो जहाज का भारत एलपीजी लेकर आना भारत की सफलता मानी जायेगी। भारत शुरु से ही शांतिप्रिय देश है और हमेश से शांति में ही रहने से अपील करता आया है। ऐसे में मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बाद एलपीजी गैस की सप्लाई प्रभावित हुई इसमें कहने से गुरेज नहीं करना चाहिए क्योंकि एलपीजी का अधिक समय तक स्टोरेज नहीं कर सकते? ऐसे समय में जब भारत देश में गैस एजेंसी के बाहर लम्बी लम्बी लाइनें लग रही है जो कि अब स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से भारत में एलपीजी की आपूर्ति होना शुरू होने के बाद इस समस्या के अंत के अच्छे संकेत हैं। यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं अपितु यह हमारे भारत देश की सफल राजनीति, कूटनीतिज्ञ, दूरदर्शिता की महाजीत है।

मध्य–पूर्व में बढ़ते तनाव और ईरान से जुड़े युद्ध जैसे हालात के बीच भारत ने जिस तरह अपनी ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखते हुए एलपीजी की आपूर्ति सुनिश्चित की है, वह उसकी परिपक्व और संतुलित कूटनीति का स्पष्ट उदाहरण है। वैश्विक संकट के दौर में ऊर्जा सुरक्षा किसी भी देश की आर्थिक स्थिरता की रीढ़ होती है, और भारत ने इस चुनौती को अवसर में बदलने का काम किया है। भारत लंबे समय से ऊर्जा आयात पर निर्भर रहा है, विशेषकर पश्चिम एशिया के देशों पर। ऐसे में जब ईरान के आसपास भू–राजनीतिक तनाव बढ़ा और सप्लाई चेन बाधित होने की आशंका बनी, तब भारत के सामने दोहरी चुनौती थी–एक ओर ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना और दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय दबावों के बीच संतुलन बनाए रखना। भारत की कूटनीतिक रणनीति यहां बहु–आयामी रही। एक तरफ उसने अमेरिका और पश्चिमी देशों के साथ अपने संबंधों को संतुलित रखा, वहीं दूसरी ओर ईरान जैसे महत्वपूर्ण ऊर्जा साझेदार के साथ संवाद के दरवाजे खुले रखे। परिणामस्वरूप, भारत न केवल वैकल्पिक स्रोतों से रुक्कत्र की आपूर्ति सुनिश्चित करने में सफल रहा, बल्कि आवश्यक मात्रा में ईंधन की उपलब्धता भी बनाए रखी। इस पूरी प्रक्रिया में भारत ने रणनीतिक स्वायत्तता की नीति को मजबूती से अपनाया। भारत ने किसी एक धड़े में पूरी तरह झुकने के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दी। यही कारण है कि संकट के बावजूद घरेलू बाजार में कच्चे तेल की उपलब्धता पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा और कीमतों में भी अपेक्षाकृत स्थिरता बनी रही।

इसके अलावा, भारत ने सऊदी अरब, यूएई और अन्य ऊर्जा उत्पादक देशों के साथ अपने रिश्तों को और मजबूत किया, जिससे सप्लाई के वैकल्पिक रास्ते खुले। यह कदम दर्शाता है कि भारत केवल प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि दूरदर्शी कूटनीति पर काम कर रहा है।

हालांकि, यह भी सच है कि ऐसे संकट भारत के लिए चेतावनी भी हैं। ऊर्जा के लिए बाहरी निर्भरता को कम करने, नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने और घरेलू उत्पादन को मजबूत करने की जरूरत पहले से अधिक महसूस की जा रही है।

## भारतीय अर्थ जगत में चिंता

आरंभ में यही आस जोड़ी गई थी कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल की जंग छोटी अवधि वाली होगी। मगर अब इसके लंबा खिंचने की स्थिति बन गई हैं। उससे भारतीय अर्थ जगत में चिंता की लकीरें गहरा गई हैं।

अनेक मुश्किलों का पहले से सामना कर रही भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने पश्चिम एशिया में छिड़े ताजा युद्ध से नई गंभीर चुनौतियां आ खड़ी हुई हैं। ईरान के होरमुज जलडमरूमध्य बंद कर देने से युद्ध के पहले दो दिन में ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 10–12 फीसदी तक बढ़ चुकी है। नतीजतन, हर बैरल तेल की खरीद पर भारत को अधिक डॉलर खर्च करने होंगे। यह अच्छी बात है कि भारत के पास फिलहाल लगभग सवा सात सौ बिलियन डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार है, जिससे वह महंगे आयात को जारी रखने की स्थिति में है।

मगर आयात पर अधिक डॉलर खर्च होने का असर रुपये की कीमत पर पड़ेगा, जो पहले ही प्रति डॉलर 90 रुपये के भाव से ऊपर बना हुआ है। रुपये की कीमत गिरने के साथ आयात और महंगा होता जाएगा। इस बीच रूस से किफायती तेल खरीदना एक विकल्प है, लेकिन उससे डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन के नाराज होने और अमेरिका से चल रही व्यापार वार्ता में पेचीगियां खड़ी होने की आशंका पैदा होगी। उधर प्राकृतिक गैस की सप्लाई भी इस युद्ध के कारण प्रभावित हो सकती है। एलएनजी की दुनिया में होने वाली लगभग 20 फीसदी सप्लाई का परिवहन मार्ग होरमुज से होकर गुजरता है। एलपीजी की सप्लाई भी मुख्य रूप से खाड़ी देशों से होती है, जो इस समय ईरान के निशाने पर हैं।

इसलिए उनकी आपूर्ति बाधित होने की आशंकाएं वास्तविक हैं। ऐसा हुआ तो उर्वरक उत्पादन भी बुरी तरह प्रभावित होगा, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों का भाव चढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। इस बीच पश्चिम एशिया के समुद्री मार्ग पर आशंकाओं के बादल गहरा गए हैं, जहां से अमेरिका और यूरोप को होने वाले भारतीय निर्यात का बहुत बड़ा हिस्सा गुजरता है। कुछ खबरों के मुताबिक पहले दो दिन में ही निर्यात के कई ऑर्डर स्थगित कर दिए गए हैं। आरंभ में यही आस जोड़ी गई थी कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल की जंग छोटी अवधि वाली होगी। मगर अब इसके लंबा खिंचने की स्थिति बन गई हैं। नतीजतन, अर्थ जगत में चिंता की लकीरें गहरा गई हैं।

# मोहनलाल की फिल्म दृश्यम 3 की रिलीज डेट टली?



जीतू जोसेफ द्वारा निर्देशित मोहनलाल की फिल्म दृश्यम 3, 2 अप्रैल, 2026 को रिलीज होने वाली थी। लेकिन मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के कारण फिल्म की रिलीज स्थगित हो सकती है। जानें कब रिलीज होगी फिल्म ?मोहनलाल की बहुप्रतीक्षित फिल्म दृश्यम 3 की आधिकारिक रिलीज डेट 2 अप्रैल 2026 तय की गई है। मोहनलाल ने खुद सोशल मीडिया पर इसकी पुष्टि की थी।

रिपोर्ट के अनुसार, इस फिल्म की रिलीज टल सकती है। अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन चर्चा है कि यह मई या जून 2026 में रिलीज होगी।

फिल्म की रिलीज टलने की मुख्य वजह मध्य पूर्व में चल रहा तनाव और संघर्ष है। ईरान–इजराइल–अमेरिका के बीच की स्थिति के कारण वहां सिनेमाघरों में फिल्म चलाना मुश्किल हो रहा है। खाड़ी क्षेत्र मलयालम फिल्मों का बहुत बड़ा बाजार है, जहां कई बार फिल्में केरल से ज्यादा कमाई करती हैं। इसी वजह से कुछ बाकी बड़ी फिल्में जैसे यश की टॉक्सिक भी टल चुकी हैं। इसलिए दृश्यम 3 को भी टालने की बात हो रही है।दृश्यम 3 दरअसल दृश्यम सीरीज की तीसरी और आखिरी फिल्म है। मोहनलाल जॉर्जकुट्टी के किरदार में वापसी करेंगे। यह कहानी एक साधारण परिवार वाले व्यक्ति की है, जो पहले वाली घटनाओं के बाद नए मुश्किलों में फंसता है। कहानी पिछली फिल्म से साढ़े चार साल बाद की है। दृश्यम 3 का निर्देशन जीतू जोसेफ कर रहे हैं।

# वे ऐसे नहीं सुधरेंगे, विदेशी खिलाड़ियों पर क्यों भड़क गए सुनील गावस्कर?



नई दिल्ली। भारत के पूर्व महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने विदेशी खिलाड़ियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की अपील की है। गावस्कर की ये टिप्पणी उन खिलाड़ियों के लिए आई है, जो आईपीएल की शुरूआत से ठीक पहले अपना नाम वापस ले लेते हैं। पूर्व भारतीय कप्तान ने ये भी स्पष्ट किया है कि उनका ये बयान उन प्लेयर्स के लिए नहीं है, जो चोट की वजह से बाहर हैं। गौरतलब है कि आईपीएल में कई बार ऐसा देखने को मिला है, जब विदेशी खिलाड़ियों ने ऑक्शन में नाम दिया। हालांकि, टूर्नामेंट की शुरूआत से पहले उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया। इंग्लैंड के हैरी ब्रूक इसका सबसे ताजा उदाहरण हैं, जिनके ऊपर बीसीसीआई ने 2 सालों का बैन भी लगा दिया था। ऐसे में गावस्कर ने भी इस तरह प्लेयर्स के बाहर जाने पर फ्रेंचाइजियों से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**सुनील गावस्कर ने दिखाया गुस्सा**

स्पोर्ट्स्टार के अपने कॉलम में गावस्कर ने लिखा, "फ्रेंचाइजी के मालिक ये कोशिश करते हैं कि खिलाड़ियों को हर तरह की सुविधा मिले। अक्सर टीमें प्लेयर्स के परिवार को समय बिताने के लिए मुफ्त में बुलाते हैं और इसके लिए उन्हें कोई खर्च नहीं करना पड़ता है। ये भारत में आतिथ्य करने का तरीका है। हालांकि, लोग इसे अपना अधिकार समझ लेते हैं और फायदा उठाने की कोशिश करते हैं।"

**चोट के अलावा अन्य कारणः गावस्कर**

गावस्कर ने इस बात को स्पष्ट किया कि उनकी ये टिप्पणी चोटिल खिलाड़ियों के लिए नहीं है। उन्होंने आगे लिखा, "हमें कुछ ऐसे खिलाड़ियों के बारे में जानकारी मिली है, जो अन्य कारणों की वजह से उपलब्ध नहीं रहेंगे। प्लेयर्स अब वो कारण बता रहे हैं, जो उन्होंने फ्रेंचाइजी को पहले से नहीं बताया था। अगर टीम के ओनर्स इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं करते हैं, तो उनके लिए ये बड़ा नुकसान होगा और ट्रॉफी जीतना भी आसान नहीं होगा।"

**लॉकी फर्ग्यूसन ने नाम लिया वापस**

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन आईपीएल के पहले कुछ मैचों में खेलते हुए दिखाई नहीं देंगे। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के मुताबिक फर्ग्यूसन अपने बच्चे के जन्म के कारण आईपीएल 2026 के शुरूआती मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

# निविन पॉली की राजनीतिक थ्रिलर प्रतिछाया की रिलीज डेट से उठा पर्दा




मलयालम सिनेमा में हमेशा ही राजनीतिक कहानियों को पर्दे पर रोचक अंदाज में दिखाया गया है। इस बार निर्देशक बी. उन्नीकृष्णन एक नई राजनीतिक थ्रिलर फिल्म प्रतिछाया लेकर आए हैं, जिसमें दर्शक राजनीतिक रणनीतियों के जटिल खेल को देख पाएंगे। यह फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें निविन पॉली मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

अब फिल्म निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। फिल्म निर्माताओं ने आधिकारिक घोषणा की है कि फिल्म 26 मार्च को दुनियाभर में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निविन पॉली ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि यह फिल्म एक पिता की विरासत और बेटे की तकदीर की कहानी है। इस फिल्म के लेखक और निर्देशक बी. उन्नीकृष्णन हैं।

## वृषकर्मा की खास झलक में दिखा खौफनाक मंजर

एक्शन–एडवेंचर फिल्म के निर्देशक कार्तिक वर्मा दंडू की रहस्यमय थ्रिलर फिल्म वृषकर्मा की पहली झलक सामने आ चुकी है। झलक में एक अंधेरी अलौकिक दुनिया को दर्शाया गया है, जहां एक रहस्यमय रेखाचित्र वास्तविकता में तब्दील हो जाते हैं, जो राक्षसी शक्तियों की ओर इशारा करते हैं।

इस फिल्म की खास झलक की शुरुआत एक डरावने सीन से होती है। एक कमरे में स्पर्श श्रीवास्तव एक अजीब चित्र बनाते नजर आते हैं और फिर अचानक उनके मुंह से चमगादड़ निकलता नजर आता है। इस सीन से पते चलता है कि यह फिल्म काफी डरावनी और रहस्यमयी पहलुओं पर बनी है। जब नागा चैतन्य की धमाकेदार एंट्री होती है। वे एक ऐसे खजाना खोजने वाले के रोल में हैं, जो पुरानी अंधेरी शक्तियों और रहस्यों से लड़ता है। उनका किरदार किसी राक्षसी ताकत का सामना करने के लिए चुना गया लगता है। कहानी में भाग्य और धर्म का कनेक्शन दिखता है।

# दमदार प्रदर्शन का भारतीय गेंदबाज को मिला इनाम



दुबईः भारत की मध्यम तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी को ऑस्ट्रेलिया में टी–20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन के लिए फरवरी महीने में आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर चुना गया। वहीं, पाकिस्तान के प्रारंभिक बल्लेबाज साहिबजादा फरहान को टी–20 विश्व कप में असाधारण प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुना गया है।

रेड्डी ने तीन मैचों की टी–20 सीरीज में भारत की 2–1 से जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने सीरीज में 7.25 की इकोनॉमी दर से आठ विकेट लिए।

**रेड्डी ने जताई खुशी**

रेड्डी ने कहा कि आईसीसी महीने की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जाना गर्व की बात है। यह इसलिए भी और खास है कि ऑस्ट्रेलिया में टी–20 सीरीज जीतने में योगदान दे सकी। ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर हराना आसान नहीं होता। साहिबजादा ने नामीबिया और श्रीलंका के विरुद्ध टी–20 विश्व कप में शतक लगाया और एक ही टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने का विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने सात टी–20 मैचों में 383 रन बनाए थे।

## एक नजर

### गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने के लिए चलाया जाएगा अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने के लिए श्री गोपाल गौलोक धाम सेवा संस्था की ओर से अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान सदस्यों ने इसके लिए आमजन को भी जागरूक करने का संकल्प लिया। सोमवार को गौलोक धाम सेवा संस्था के गौशाला में गोपाल कृष्ण अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सनातन धर्म में गाय को माँ का दर्जा दिया गया है। आज सड़कों पर गोवंश निराश्रित घूम रहे हैं। ऐसे में गाय को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए पूरे देश में अभियान चलाया जाएगा। बताया कि 27 अप्रैल को हर तहसील, जिला कलेक्टर व ब्लाक के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व राज्यपाल को ज्ञापन भेजा जाएगा। इस मौके पर भगवती प्रसाद कंडवाल, महावीर सिंह रावत, प्रकाश ढौंडियाल, सुषमा जखमोला, प्रदीप कंडवाल, इंद्रजीत सिंह रावत, आकांक्षा रस्तोगी रावत आदि मौजूद रहे।

### भेदभाव समाप्त करने के लिए जरूरी है यूजीसी विनियम

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : भारत मुक्ति मोर्चा ने समाज में भेदभाव को समाप्त करने के लिए यूजीसी विनियम को जरूरी बताया। कहा कि सरकार को जल्द से जल्द यूजीसी विनियम लागू करना चाहिए। इस संबंध में मोर्चा के सदस्यों ने सोमवार को प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। कहा कि समाज में लगातार बढ़ते भेदभाव को समाप्त करने के लिए यूजीसी विनियम विधेयक जरूरी है। कहा कि वर्तमान में उच्च शिक्षण संस्थानों में एसटी, एससी, ओबीसी, विकलांग व महिलाओं के साथ हो रहे भेदभाव होने की शिकायतें आ रही है, जिसको समाप्त करने के लिए यूजीसी को लागू किया जाना जरूरी है। उन्होंने ओबीसी जाति आधारित जनगणना किए जाने, अधिसूचना के कालम में जाति का कालम अंकित किया जाए। इसके अलावा वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी से मुक्त किए जाने, लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग का निर्माण करवाए जाने, मोटर मार्ग पर कामर्शियल वाहनों के लिए खोले जाने, एससी, एसटी व ओबीसी के फर्जी प्रमाणपत्रों पर रोक लगाए जाने की मांग की है। इस मौके पर श्याम लाल, सतीश ओडवाल, चंद्रमोहन राणा, रमेश चंद्र, मुन्नू सिंह मौजूद रहे।

### उक्रांद ने चलाया सदस्यता अभियान, संगठन को मजबूत बनाने का लिया संकल्प

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : उत्तराखंड क्रांति दल की ओर से विकासखंड कल्जीखाल के बिलखेत में रविवार को सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान वक्ताओं ने प्रदेश के बेहतर विकास के लिए उक्रांद को जरूरी बताया। इस दौरान बिलखेत में जनसभा का भी आयोजन किया गया। यूकेडी के केंद्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुकरेती ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। बारी-बारी से प्रदेश की सत्ता पर राज करने वाली इन राष्ट्रीय पार्टियों ने केवल जनता को गुमराह करने का कार्य किया। आज भी पहाड़ से रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा के लिए पलायन जारी है।

प्रदेश व पहाड़ को बचाने के लिए उत्तराखंड क्रांति दल का सत्ता तक पहुंचना आवश्यक है। इसके लिए जनता को अधिक से अधिक उक्रांद का साथ देना चाहिए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष पौड़ी अर्जुन सिंह, केंद्रीय उपाध्यक्ष आशुतोष नेगी, जिला उपाध्यक्ष जगदंबा नैनवाल, केशवानंद आर्य, गणेश काला, संतोष डोभाल आदि मौजूद रहे।

### प्रतियोगिताओं के विजेताओं का किया सम्मान

श्रीनगर गढ़वाल : फूलदेई पर्व के समापन पर स्कूली छात्र-छात्राओं के कार्यक्रमों की धूम रही। इस मौके पर विभिन्न विद्यालयों से पारंपरिक वेशभूषा में सजे बच्चे पहुंचे। उन्होंने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। फूलदेई आयोजन एवं सांस्कृतिक कला मंच श्रीनगर की ओर से आयोजित गायन प्रतियोगिता में शेमफोर्ड बेलकंडी प्रथम, रेनबो पब्लिक स्कूल द्वितीय व सेंट थेरेसास की टीम तृतीय रही। नृत्य में शेमफोर्ड ने पहला, सेंट थेरेसास ने दूसरा व रेनबो ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बोरा दौड़ में अंकित-अंकिता प्रथम, शौर्य-मन्नत द्वितीय रहे। जलेबी दौड़ में अभय-अंकिता ने पहला, पूरव-ताजगी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कुर्सी दौड़ में फजले नूर-अक्षिता, कृष्णा-अंशिका, कमलेंद्र-ज्योति क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।

# कांग्रेस ने क्रांतिकारियों को किया याद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कांग्रेस ने महान क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के योगदान को याद किया। कहा कि देश की आजादी के लिए दिए गए महापुरुषों का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

सोमवार को कांग्रेस कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष विकास नेगी ने कहा कि देश की आजादी में दिए गए क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कहा कि बलिदानियों का जीवन हमें यह सिखाता है कि देश के लिए किया गया त्याग कभी भी व्यर्थ नहीं जाता है। कहा कि भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू जैसे वीरों ने अपने विचारों से क्रांतिकारी सोच को पूरे देश में स्वतंत्रता की अलख जगाई, जिससे अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिल गई। कहा कि क्रांतिकारियों के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इस मौके पर प्रवीन रावत, साबर सिंह, गणेश नेगी, उपेंद्र सिंह नेगी, बृजपाल सिंह, धीरेंद्र बिष्ट, रूपेंद्र सिंह, नीरज बहुगुणा, शूरवीर खेतवाल मौजूद रहे। वहीं, मालवीय उद्यान स्थित कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर बलवीर सिंह रावत, शीला भारती, लक्ष्मी चौहान, रमेश चंद्र खंतवाल, प्रदीप नेगी, वीरेंद्र कुमार, योगेंद्र सिंह चौहान, वेदपाल सिंह, पवन रावत, अमित राज सिंह, शिवम भूषण, वीरेंद्र सिंह रावत मौजूद रहे।



कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बलिदानियों को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसजन

# विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कैरियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्जवलि कर किया गया। स्वामीराम हिमालयन विश्वविद्यालय जौलीग्रांट के वरिष्ठ परामदर्शदाता प्रशांत शाही व बबीता भंडारी ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य प्रो. डीएस नेगी ने कहा कि इस तरह की कार्यशाला से बच्चों को कई नई जानकारियां मिलती हैं। विद्यार्थियों को अधिक से अधिक इन कार्यशालाओं में प्रतिभाग करना चाहिए। इस मौके पर डा. ऋचा जैन, डा. बसंतिका कश्यप, डा. राखी डिमरी, डा. संदीप सिंह, डा. रंजना सिंह, डा. संदीप अग्रवाल, डा. सुशील बहुगुणा, डा. सुरेश कुमार, डा. संजय मदान, डा. सुरभि मिश्रा, डा. प्रियंका अग्रवाल, डा. सोमेश ढौंडियाल, डा. प्रियम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी व शिक्षक

# केन्द्र सरकार ने फार्म फेंसिंग के लिए मंजूर किए 25 करोड़

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : केन्द्र सरकार द्वारा राज्य में जंगली जानवरों से कृषि फसलों की सुरक्षा के लिए 25 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस संबंध में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को प्रेषित पत्र में अवगत कराया है कि राज्य सरकार द्वारा भेजे गये इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रदेश के किसानों के व्यापक हित तथा कृषि फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए केन्द्रीय कृषि मंत्री से घेरबाड़ के लिये वित्तीय सहायता दिये जाने का अनुरोध किया गया था। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने फार्म फेंसिंग (घेरबाड़) के लिए 25.00 करोड़ रुपये की धनराशि के प्रस्ताव को सैद्धांतिक रूप से स्वीकृति प्रदान करते हुए इसे राज्य के किसानों के हित में सकारात्मक कदम बताया है। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल प्रदेश के किसानों को जंगली जानवरों से होने वाले नुकसान से राहत प्रदान करेगी और कृषि उत्पादन को सुरक्षित एवं सुदृढ़ बनाने में भी सहायक सिद्ध होगी।



### चैत्र नवरात्र पर मंदिर में उमड़ रही भीड़

श्रीनगर गढ़वाल : चैत्र नवरात्र पर भक्तियाना स्थित शीतला माता मंदिर में इन दिनों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालु मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं और परिवार की सुख-समृद्धि जीवन की कामना कर रहे हैं। मान्यता है कि मां शीतला की आराधना से चेचक, ज्वर समेत अन्य रोगों से मुक्ति मिलती है। पुजारी मगनानंद पटवाल के अनुसार, होली के बाद पहले सोमवार से शुरू होने वाली मां शीतला की 'जात' इन दिनों नवरात्र के साथ पड़ने से मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ गई है।

यह परंपरा बैसाखी तक चलती है जिसमें दूर-दराज से भी भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालु चावल और हल्दी से बनी पिट्ठी से माता को तिलक अर्पित करते हैं और हाथों के छाप भी लगाते हैं। साथ ही गुलगुले का भोग चढ़ाया जाता है। (एजेंसी)

# स्वयं सेवियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल की ओर से एनएसएस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के छठवें दिन स्वयं सेवियों ने क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया। साथ ही स्वयं सेवियों ने स्वास्थ्य केंद्र का भी भ्रमण किया। आयोजित शिविर के दौरान सबसे पहले शिक्षकों ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया। कहा कि स्वच्छ व स्वस्थ भारत निर्माण के लिए हमें सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। कूड़े को सार्वजनिक स्थानों पर न डाले। सदैव कूड़ेदान का ही उपयोग करें। इस दौरान स्वयं सेवियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जयहरीखाल का भी भ्रमण किया। जहां चिकित्सक डा. दीप्ति जखवाल व डा. भारती राय ने स्वयं सेवियों को ब्लड ग्रुप जांच की प्रक्रिया के बारे में बताया। साथ ही विद्यार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक किया। फार्मासिस्ट रूचिन माहेश्वरी, राहुल शर्मा, आकाश नेगी ने विद्यार्थियों को अस्पताल के विभिन्न विभागों एवं प्रयोगशाला का भ्रमण कराया। शिविर के दौरान स्वयं सेविकों ने आशियाना राधा देवी आश्रम का भी भ्रमण किया। इसके उपरांत गांव के आसपास स्वच्छता अभियान चलाते हुए लोगों को जागरूक किया गया। कहा कि स्वच्छ समाज के लिए हम सभी को जागरूक रहना होगा। केंद्र के संचालक विमल गुसाईं ने विद्यार्थियों को वनाग्नि के प्रति जागरूक किया। कहा कि हमें जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचानी चाहिए।


जयहरीखाल में स्वच्छता अभियान चलाते स्वयं सेवी

### अस्पताल में चिकित्सकों की कमी पर रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव प्रवेश रावत ने बेस अस्पताल में चिकित्सकों की कमी पर रोष व्यक्त किया है।

कहा कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलें इसके लिए सरकार को गंभीरता से कार्य करना चहिए। व्यवस्थओं के अभाव में बेस अस्पताल केवल रेफर सेंटर बनकर रह गया है।

# रोटरी क्लब ने विद्यार्थियों को दी खेल सामग्री

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जानकीनगर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रोटरी क्लब ने विद्यार्थियों के लिए खेल सामग्री भेंट की।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इसके उपरांत क्लब ने विद्यालय को सामग्री भेंट की।

विद्यालय के खेल प्रशिक्षक मोहन गुसांई ने बताया कि इससे विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। यह सामग्री महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डा. केएस नेगी ने अपनी धर्मपत्नी स्व. डा. संध्या नेगी की स्मृति में भेंट की। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती ने कहा कि क्लब की ओर से समय-समय विद्यालय की मदद के लिए हाथ बढ़ाया जाता है। इस मौके पर रोहित बलोदी, वाईपी गिरला, सचिन गोयल, केएस नेगी, ऋषि एरन, विजय माहेश्वरी, राकेश एरन, कालिका प्रसाद नैथानी, राजेंद्र जखमोला, टीआर पंथरी, अनिल कोटनाला आदि मौजूद रहे।


आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय को खेल सामग्री वितरित करते सदस्य

# पाबौ से लापता महिला पुणे से बरामद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल के पाबौ से लापता महिला को पुलिस ने पुणे महाराष्ट्र से सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने महिला को परिजनों के सुपर्द कर कर दिया है।

पुलिस की सोशल मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार 19 फरवारी 2026 को पाबौ निवासी एक व्यक्ति द्वारा कोतवाली पौड़ी में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया। जिसमें व्यक्ति ने बताया कि उनकी पत्नी बिना बताए घर से कहीं चली गई है और अब तक वापस नहीं लौटी है। उक्त सूचना के आधार पर कोतवाली पौड़ी में गुमशुदगी पंजीकृत कर महिला की तलाश प्रारंभ की गई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पौड़ी जयपाल सिंह नेगी के नेतृत्व में पुलिस एवं सीआईयू की संयुक्त टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा किये सघन प्रयासों एवं प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर उक्त महिला की लोकेशन पुणे महाराष्ट्र में होने की पुष्टि हुई। जिसके पश्चात उपनिरीक्षक मुकेश गैरोला के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा महाराष्ट्र पहुंचकर महिला को पुणे से सकुशल बरामद किया गया।

जांच में पाया गया कि महिला पुणे में एक प्राइवेट सेक्टर में कार्यरत थी। इसके उपरांत पुलिस टीम द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए महिला को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मुकेश गैरोला, कांस्टेबल दीपक कुमार, हेड कांस्टेबल हरीश आदि शामिल थे।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सैन्य दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम त्रुटिवश नवीन चन्द व जन्मतिथि 12-10-1989 दर्ज है। जबकि मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम नवीन कुमार व जन्मतिथि 12-10-1991 है, जो हाईस्कूल के प्रमाण पत्र में दर्ज है। अतः मेरे सैन्य दस्तावेजों में मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम नवीन कुमार व जन्मतिथि 12-10-1991 दर्ज किया जाए।

**4068250Y N/K कैलाश चन्द्र पुत्र स्व0 श्री मंसा राम निवासी ग्राम नौसिन तल्ला, पोस्ट जमेली, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1593/21)


# देश के विकास में योगदान दें युवा



**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** मेरा युवा भारत, पौड़ी गढ़वाल, (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा शहीद दिवस कंडोलिया पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वच्छता अभियान चलाया गया। उपनिदेशक शैलेश भट्ट ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि शहीद दिवस एक ऐसा दिन है जब हम उन वीर शहीदों को याद करते हैं जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। यह दिन हमें उनकी शहादत को याद करने और उनके सपनो को पूरा करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि शहीद दिवस हमें देशभक्ति की भावना को मजबूत करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि सामाजिक सेवा करें और देश के विकास में योगदान दें। इस दौरान कण्डोलिया पार्क से शहीद जनरल विपिन रावत पार्क तक पद यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवी अमन नयाल ने किया। इस अवसर पर पराज इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की प्रवक्ता मार्या रहमानी, शीतल ममगांई, अक्षत खुकशाल, रा.इ.कॉ. पौड़ी की सहायक अध्यापक पूजा भण्डारी, सभासद नगर पालिका परिषद गौरव सागर, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजेश भण्डारी, जिला विधिक सेवा प्राधीकरण पौड़ी से युवराज सिंह बिष्ट, स्वयं सेवी प्रियंका असवाल, यशराज बिष्ट, साक्षी, अंकित रावत आदि मौजूद थे।

## शराब का ठेका हटाने की मांग को लेकर क्रमिक अनशन जारी

श्रीनगर गढ़वाल : तीर्थनगरी देवप्रयाग से शराब का ठेका हटाने के लिए आंदोलनरत अनशनकारियों पर पुलिस कार्रवाई के बावजूद सोमवार को भी क्रमिक अनशन जारी रहा। नवें दिन जिला पंचायत सदस्य पुष्पा रावत के साथ भुईट गांव की चार महिलाओं सहित जमानत पर रिहा क्षेपं सदस्य सीताराम रणाकोटी अनशन में शामिल हुए। बीते रविवार को कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए पुलिस ने चार महिलाओं सहित छह लोगों को गिरफ्तार कर आंदोलन खत्म कराने की कोशिश की थी। देर रात दस बजे कीर्तिनगर एसडीएम कोर्ट से गिरफ्तार अनशनकारियों को जमानत मिल पाई थी। सोमवार सुबह जिपं सदस्य पुष्पा रावत ने शराब के ठेके के सामने एक निजी आवास पर भुईट गांव की महिलाओं विमला देवी, संगीता देवी, कैलाशी देवी, गुड्डी देवी व क्षेपं सदस्य सीताराम रणाकोटी के साथ फिर से क्रमिक अनशन शुरू कर दिया।

## पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की उठाई मांग

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान के लिए नगर निगम ने जल संस्थान के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में शहर के वार्डों के साथ-साथ पर्यटन सीजन को देखते हुए स्थानीय होटलों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष चर्चा की गई। मेयर आरती भंडारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जल संस्थान के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी वार्डों में पेयजल आपूर्ति को सुचारु और नियमित बनाया जाए, ताकि आम जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही आगामी यात्रा सीजन को ध्यान में रखते हुए होटलों में पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जल आपूर्ति का समय बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए। मेयर ने कहा कि पर्यटन सीजन के दौरान शहर में बाहरी पर्यटकों की संख्या बढ़ जाती है, ऐसे में पानी जैसी मूलभूत सुविधा का बेहतर प्रबंधन आवश्यक है। बैठक में सहायक नगर आयुक्त रविराज बंगारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक शशि पंवार, पार्षद राजेंद्र नेगी, विजय चमोली, आशीष नेगी, होटल एसोसिएशन अध्यक्ष अप्पल रतूड़ी, व्यापार सभा महासचिव अमित बिष्ट, जल संस्थान के सहायक अभियंता अर्पित मित्तल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### मेयर ने पुलिस पर लगाया सहयोग न देने का आरोप

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम ने शहर की व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस पर अपेक्षित सहयोग न देने का आरोप लगाया। इस संबंध में नगर निगम की ओर से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की। मेयर ने पत्र में कहा कि नगर में कानून व्यवस्था, अतिक्रमण और यातायात जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को सुचारु रूप से लागू करने के लिए पुलिस का सहयोग आवश्यक है। अतिक्रमण हटाने के दौरान भी पुलिस का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाता है, जिससे व्यवस्थाएं प्रभावित होती हैं। उन्होंने गत 13 मार्च को अतिक्रमण हटाने गई टीम के साथ हुई अभद्रता किए जाने के मामले में भी ठोस कदम न उठाने की बात कही है। कहा कि अब चारधाम यात्रा शुरू होने वाली है, जिसमें नगर निगम और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने एसएसपी से इस मामले में ठोस कार्रवाई का अनुरोध किया।


## उत्तर रेलवे

### शुद्धिपत्र

रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2022 CE-UCT/GCC-2022/POLICY/Pt.I (E-3320424) दिनांक 13.03.2026 के अनुसार, भारतीय रेलवे मानक सामान्य अनुबंध की शर्तें (GCC), अप्रैल-2022 के लिए अग्रिम शुद्धि पर्ची संख्या 11 (Advance Correction Slip No. 11) जारी की गई है। अतः अग्रिम शुद्धि पर्ची (ACS) संख्या 11 के अनुपालन में निम्नलिखित निविदा (tender) की बयाना राशि (Earnest Money) को संशोधित किया गया है। GCC-2022 की अग्रिम शुद्धि पर्ची संख्या 11 को छोड़कर अन्य सभी नियम और शर्तें यथावत रहेंगी। निविदावार बयाना राशि (EMD) के संशोधित मूल्य नीचे दिए गए हैं:

| Tender No. | 323-DRM-MB-25-26 12.03.2026 | 324-DRM-MB-25-26 12.03.2026 |
|---|---|---|
| Existing value of EMD | 3,78,600.00 | 3,78,600.00 |
| Modified Value of EMD | 9,14,500.00 | 9,14,500.00 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 973/2026

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 21.03.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / अप्रम द्वारा ई टैण्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टैण्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा बयाना राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमान्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टैण्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टैण्डर संख्या दिनांक | 335-DRM-MB-25-26 20.03.2026 | 336-DRM-MB-25-26 20.03.2026 | 337-DRM-MB-25-26 20.03.2026 | 338-DRM-MB-25-26 20.03.2026 |
|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Provision of 225 KL RCC OHT and other associated work like boring of tube well, laying of pipeline etc. for improvement of water supply in colonies in lieu of existing steel tank at RWL in the jurisdiction of Sr.DEN/I/MB. | Provision of 225 KL RCC OHT with plumbing pipe, pump house with bore in lieu of steel tank at HW in the jurisdiction of ADEN/HW. | Provision of 225 KL RCC OHT in lieu of existing steel tank and other associated work like boring of tubewell, laying of pipeline etc. for improvement of water supply in colonies at DWO in the jurisdiction of Sr.DEN/I/MB. | Replacement of existing steel tank with 450 KL RCC OHT at LRJ in the jurisdiction of Sr. DEN/I/MB. |
| निविदा का प्रकार | Works | Works | Works | Works |
| निविदा की कीमत | Nil | Nil | Nil | Nil |
| अनुमानित लागत | 94,53,212.79 | 89,81,468.58 | 94,53,212.79 | 1,67,05,851.75 |
| धरोहर राशि | 1,89,100.00 | 1,79,600.00 | 1,89,100.00 | 3,34,100.00 |
| टैण्डर क्लोजिंग दिनांक/समय | 23.04.2026 16:00 | 23.04.2026 16:00 | 23.04.2026 16:00 | 23.04.2026 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 09.04.2026 | 09.04.2026 | 09.04.2026 | 09.04.2026 |
| ऑफर की वैधता | 60 Days | 60 Days | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 Months | 06 Months | 06 Months | 12 Months |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 975/26

## संक्षिप्त समाचार

### कूड़ा निस्तारण को लेकर 95वें भी दिन धरने पर डटे रहे आंदोलनकारी

उत्तरकाशी। शहर में कूड़ा निस्तारण की मांग को लेकर गोपीनाथ सिंह रावत के नेतृत्व में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को 95वें दिन भी जारी रहा। लंबे समय से जारी इस आंदोलन के बावजूद नगर पालिका और जिला प्रशासन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकाल पाई जिससे आंदोलनकारियों में आक्रोश है। धरनास्थल पर मौजूद युवा सामाजिक कार्यकर्ता गोपीनाथ ने कहा कि जब तक स्थायी ट्रेंचिंग ग्राउंड का निर्माण नहीं किया जाता, तब तक शहर के कूड़ा निस्तारण की समस्या का समाधान संभव नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रेंचिंग ग्राउंड के नाम पर करीब 45 से 50 लाख रुपये खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस काम दिखाई नहीं दे रहा। गर्मी बढ़ने के साथ ही तांबाखाणी सुरंग और आसपास के क्षेत्रों में बदबू की समस्या उत्पन्न होने लगी है जिससे स्थानीय लोग परेशान हैं। आंदोलनकारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि जब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जाता उनका धरना जारी रहेगा। धरना स्थल पर नितिन रावत, पुरुषोत्तम विश्वकर्मा, मोहित सिंह चौहान, जितेंद्र, रितेश चौहान, आलोक राणा, राहुल चौहान उपस्थित रहे।

### सरकार की चार साल की उपलब्धियों को गिनाया

उत्तरकाशी। प्रदेश सरकार के चार साल का कार्यकाल पूरा होने पर जिला मुख्यालय सहित जनपदभर में विभिन्न कार्यक्रम हुए। इस मौके पर उत्कृष्ट काश्तकारों व स्वयं सहायता समूह की लाभार्थियों को चेक वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान ने किया। यात्रा को सुव्यवस्थित बनाने के लिए उत्तरकाशी में 6 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से आधुनिक बस अड्डे का निर्माण कराया गया है। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं पुनर्वास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरा किया जा रहा है। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख भटवाड़ी ममता पंवार, गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल, जिलाध्यक्ष भाजपा नागेंद्र चौहान, चंदन सिंह पंवार, खुशहाल नेगी, एडीएम मुक्ता मिश्र, एसडीएम शालिनी नेगी, परियोजना निदेशक अजय सिंह, डीडीओ रमेशचंद्र आर्य आदि मौजूद रहे। पुरोला। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक दुर्गेश लाल ने की। विधायक ने शालिता देवी, आरती देवी, विनिशा देवी, सुषमा भवानी, ललिता राणा, प्रियंका, उत्तम रेखा और संतोषी देवी को स्मार्ट फोन वितरित कर सम्मानित किया। इस मौके पर भाजपा ब्लॉक अध्यक्ष रामचंद्र पंवार, प्यारेलाल हिमानी, बलदेव रावत, मोहबत सिंह नेगी, अनिल शर्मा, त्रिलोक प्रसाद बिजल्वाण, राजेश बिजल्वाण, अर्जुन चौहान आदि मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायत बगोड़ी में लिया गया शराबबंदी का निर्णय

उत्तरकाशी चिन्यालीसौड़ विकासखंड के ग्राम पंचायत बगोड़ी में सोमवार को ग्राम प्रधान देवराज बिष्ट की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में सामाजिक सुधार एवं ग्राम विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर गंभीरता से विचार–विमर्श किया गया। इस मौके पर बगोड़ी को शराब मुक्त गांव बनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।बैठक में ग्रामवासियों, महिला मंगल दल एवं युवा मंगल दल ने एकजुट होकर नशामुक्त समाज की दिशा में सशक्त कदम बढ़ाते हुए शराबबंदी के प्रस्ताव का पूर्ण समर्थन किया। ग्राम प्रधान देवराज बिष्ट ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है बल्कि समाज की नैतिक एवं सामाजिक संरचना को भी कमजोर करता है।

### मोरी व्यापार मंडल के नए पदाधिकारियों ने ली शपथ

उत्तरकाशी। लोनिवि विश्राम गृह परिसर मोरी में नई व्यापार मंडल कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष कबूल सिंह पंवार की उपस्थिति में अध्यक्ष पद के लिए ममतेश नेगी, महामंत्री पद पर हिमांशु रावत, संरक्षक पद के लिए गुमान सिंह पंवार और बालकराम कोठारी ने शपथ ली। इसके अलावा उपाध्यक्ष प्रमोद जैन व अनिक रावत, कोषाध्यक्ष शंकर भट्ट, मंत्री किरण प्रकाश, संगठन मंत्री सुनील रावत व प्रचार मंत्री सचिन सहित कार्यकारिणी सदस्य नीरज नेगी, राधेश्याम, कुलदीप राणा, ऋषभ राठौर और रोहित पाल ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। समारोह में प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र सिंह असवाल एवं प्रदेश संगठन मंत्री तिलक रमोला मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

# पूरा हो रहा देवभूमि का गौरव पुनर्स्थापित करने का संकल्प : धामी

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सरकार के चार वर्ष पूरा होने पर परेड ग्राउंड में आयोजित 4 साल बेमिसाल कार्यगिम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज से चार वर्ष पूर्व प्रदेश की जनता ने सभी मिथकों तोड़कर, उन्हें पुनः राज्य की सेवा का अवसर प्रदान किया था। इसके बाद इसी मैदान में शपथ ग्रहण के दौरान उन्होंने राज्य आंदोलनकारियों के सपनों के अनुसार देवभूमि के गौरव को पुनर्स्थापित करने का संकल्प लिया था। अब चार साल के बाद वो गर्व से कह सकते हैं कि वो संकल्प तेजी से सिद्धि की ओर बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार ने बीते चार वर्षों में जहां सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रेल एवं हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत कर नागरिकों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का प्रयास किया है। वहीं, विभिन्न नीतियों और योजनाओं के माध्यम से




प्रदेश के समग्र विकास का विजन प्रस्तुत किया है। इन्हीं प्रयासों से बीते चार वर्षों में राज्य ऐसी कई ऐतिहासिक उपलब्धियों का साक्षी बना है जो किसी भी छोटे राज्य के लिए असंभव समझी जाती थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार राज्य में जी-20 जैसे वैश्विक सम्मेलन की बैठकों का सफल आयोजन किया गया, वहीं राष्ट्रीय खेलों का भी भव्य आयोजन किया गया। इतना ही नहीं, पहली बार उत्तराखंड में ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया गया, जिसमें 3.76 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिसमें से 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश को धरातल पर उतारा जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार देहरादून को एक आधुनिक और विकसित शहर बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य कर रहे हैं। आज देहरादून में लगभग 14 सौ करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं पर काम कर रही है। कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के समय केवल घोषणाएं होती थी, तब केंद्र से भेजे गए 1 रुपए में से 15 पैसे ही लोगों तक पहुंच पाते थे। परंतु आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में नई कार्य संस्कृति का सूत्रपात कर शासन व्यवस्था से दलालों और बिचौलियों का सफाया करने का काम किया। इसलिए आज प्रदेश सरकार जिस कार्य का शिलान्यास करती है उसे तय समय में पूर्ण कर उसका लोकार्पण भी करती है। समारोह में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, गणेश जोशी, खजान दास, राम सिंह कैडा, राज्य सभा सांसद नरेश बंसल, मेयर सौरभ थपलियाल, विधायक सहदेव पुंडीर, उमेश शर्मा काऊ विनोद चमोली, सविता कपूर, मुन्ना सिंह चौहान, बृजभूषण गैरोला, मुख्य सचिव आनंद वर्धन, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, प्रमुख सचिव डॉ. आरके सुधांशु, एल. फैनई, डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव एसएन पांडेय और आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पांडेय, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल उपस्थित रहे।

## गंगोत्री हाईवे यातायात के लिए सुचारू, धाम में बिजली आपूर्ति ठप

उत्तरकाशी। गंगोत्री घाटी में बर्फबारी के कारण बाधित गंगोत्री हाईवे धाम तक आवाजाही के लिए सुचारु हो गया है। राजमार्ग पर बर्फबारी के चलते फिसलन बरकरार रहने से आवागमन जोखिम भरा बना है। वहीं धराली से गंगोत्री तक विद्युत लाइनें क्षतिग्रस्त होने के कारण आपूर्ति बाधित पड़ी है। गंगोत्री घाटी में जमकर बर्फबारी हुई जिससे हाईवे सुक्की टॉप से आगे वाहनों की आवाजाही के लिए बाधित हो गया था। दो दिन पहले बीआरओ ने गंगोत्री हाईवे पर बर्फ हटाकर धराली तक मार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया था जबकि इससे आगे वाहनों की आवाजाही नहीं हो पा रही थी। सोमवार को बीआरओ की मशीनरी ने हाईवे को गंगोत्री तक पूरी तरह आवाजाही के लिए खोल दिया। वहीं धराली से गंगोत्री के बीच जगह–जगह 11 केवी की विद्युत लाइनें क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी है जिससे गंगोत्री धाम में भी बिजली सप्लाई बाधित है।

# कलेक्ट्रेट में सीपीआई कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

उत्तरकाशी। शहीद भगत सिंह के शहादत दिवस पर जिला मुख्यालय में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

इस दौरान केंद्र सरकार की नीतियों को मजदूर व किसान विरोधी बताते हुए कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र भी प्रेषित किया।सीपीआई कार्यकर्ता सोमवार को काली कमली धर्मशाला में एकत्रित हुए। यहां शहीद भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित कर मजदूरों और किसानों के हित में चर्चा हुई। इसके बाद जुलूस की शक्ल में मुख्य बाजार होते हुए कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। सीपीआई नेता महावीर प्रसाद भट्ट ने कहा कि केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण मजदूर और किसान बेहाल है। श्रम कानूनों में बदलाव, लेबर कोड लागू करना और सार्वजनिक संपत्तियों का निजीकरण जैसे कदम मजदूर वर्ग के हितों के खिलाफ है।

उन्होंने केंद्र सरकार से भारत–अमेरिका व्यापार समझौता निरस्त करने, बिजली संशोधन विधेयक व लेबर कोड वापस लेने, मनरेगा बहाल करने, स्मार्ट मीटर बंद करने, किसानों को एमएसपी की गारंटी देने, भोजन माताओं व नलकूप श्रमिकों को 21 हजार मासिक वेतन देने, सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण पर रोक लगाने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों में महावीर प्रसाद भट्ट, दुर्गा देवी, शीला देवी, रविन्द्री देवी, रेशमा देवी, राजेंद्र सिंह, अत्तर सिंह, लक्ष्मण सिंह, मनवीर सिंह, जगदीश आदि शामिल थे।

## व्यापारियों ने की नए शॉपिंग मॉल नहीं खोलने की अनुमति देने की अपील

नई टिहरी। उद्योग व्यापार मंडल इकाई बौराड़ी के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर नई टिहरी, बौराड़ी और भागीरथी पुरम में नए शॉपिंग मॉल खोलने की अनुमति न देने की गुहार लगाई है। कहा कि शहर शॉपिंग मॉल खुलने से व्यापारियों के सामने रोजी–रोटी संकट खड़ा हो सकता है। बौराड़ी व्यापार मंडल के अध्यक्ष शिवराज सिंह सजवाण की अध्यक्षता में व्यापारियों ने डीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा कि नई टिहरी बांध विस्थापित शहर है। गत 20–25 वर्षों से व्यापारी नई टिहरी, बौराड़ी और भागीरथी पुरम में किसी तरह अपना व्यवसाय कर अपनी रोजी–रोटी चला रहे हैं। गत सात–आठ वर्ष से ऑनलाइन मार्केट बढ़ने के कारण व्यापारियों की हालत दिनप्रति खराब होती जा रही है। व्यापारियों ने अपने व्यवसाय को संचालित करने के लिए बैंकों से लोन लिया हुआ है, किसी तरह से वह लोन की किस्त चुका रहें हैं। कहा कि शहर चारधाम यात्रा मार्ग से भी अलग थलग है, शहर में कोई बड़े शैक्षिक संस्थान भी नहीं है। गत वर्ष बौराड़ी में शापिंग मॉल खुलने के कारण व्यापारी का कारोबार पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। प्रशासन की ओर शहर में नये मॉल खोलने की अनुमति दी जाती है। व्यापारी के सामने रोजी–रोटी का बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा। कहा कि विरोध के बाद भी शहर में नये शापिंग मॉल खोलने की अनुमति दी जाती है, तो नई टिहरी, बौराड़ी, भागीरथी पुरम और कोटी कॉलोनी के व्यापारी आंदोलन शुरू करेंगे। ज्ञापन देने वालों में बौराड़ी व्यापार मंडल के महामंत्री संदीप रावत, पूर्व अध्यक्ष अमरीश पाल, रमेश चौहान, शिव सिंह नेगी, भानू प्रताप सजवाण, उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री करम सिंह तोपवाल आदि मौजूद थे।

## डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने शुरू की अनिश्चितकालीन हड़ताल

नई टिहरी। लंबित 27 सूत्री मांगों पर कार्रवाई न होने से नाराज डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने आवश्यक सेवाओं को छोड़कर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। सोमवार को लोनिवि अतिथि गृह में डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के शाखाध्यक्ष जेपी भट्ट, आशीष मित्तल की अध्यक्षता में बैठक हुई। उन्होंने कहा कि सीएम को भेजे मांग पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बताया लंबे समय से कनिष्ठ अभियंताओं के वेतन विसंगति को ठीक करने, 1 जनवरी 2014 के बाद विभागों में नियुक्त कनिष्ठ अभियंता को प्रथम एसीपी के रूप में 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर लेवल दस का वेतनमान देने, पुरानी पेंशन बहाली, प्रोन्नति की सीमा 20 प्रतिशत करने, सेवाकाल में न्यूनतम तीन पदोन्नति, विभागीय अभियंताओं की ड्यूटी गैर तकनीकी कार्यों में न लगाने, सभी विभागों में कार्यरत अभियंताओं को बायोमेट्रिक हाजिरी से छूट देने की मांग की जा रही है, लेकिन शासन स्तर पर समस्याओं के समाधान के लिए कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस मौके पर महासंघ के प्रांतीय सचिव सतीश भट्ट, लघु सिचाई के प्रांतीय सचिव त्रयम्बक गैरोला, लोनिवि मंडल उपाध्यक्ष ऊषा भण्डारी, जनपद सचिव राजेंद्र सोढ़ी, शक्ति आर्य, अमित रूसिया, संजय ढुकलान, ममता पंवार आदि मौजूद रहे।

# पुण्यतिथि तिथि पर शहीद ए आजम को किया याद

ऋषिकेश। तीर्थनगरी ऋषिकेश और आसपास क्षेत्र में शहीद–ए–आजम भगत सिंह का शहीदी दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। विभिन्न संगठनों ने शहीदी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर शहीद भगत सिंह और उनके साथी क्रांतिकारी सुखदेव और राजगुरू को श्रद्धांजलि दी। सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर निगम परिसर स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस नेता जयेंद्र रमोला ने कहा कि शहीद–ए–आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का बलिदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का वह स्वर्णिम अध्याय है, जिसे देश कभी भुला नहीं सकता।

इन महान क्रांतिकारियों ने अपने अदम्य साहस, त्याग और देशभक्ति से यह सिद्ध कर दिया कि जब इरादे मजबूत हों तो कोई भी शक्ति आजादी की राह को रोक नहीं सकती भगत सिंह का चिंतन



केवल अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष तक सीमित नहीं था, बल्कि वह एक ऐसे भारत का सपना देखते थे जहां समानता, न्याय और भाईचारा हो, सुखदेव और राजगुरु ने भी अपने प्राणों की आहुति देकर इस संघर्ष को मजबूती दी और देश के युवाओं के सामने एक आदर्श प्रस्तुत किया। इस मौके पर सरदार जगजीत सिंह जग्गी, मनोज गुसाईं, भूपेंद्र राणा, राजेंद्र कोठारी, गौरव यादव, अमनदीप सिंह, अमित उप्पल, दीपक जैन, तरूण प्रभाकर, विकास अत्री, सोनू कुमार, वरूण शर्मा आदि उपस्थित रहे। उधर, वन्दे मातरम् ग्रुप ने नगर निगम परिसर स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। उपस्थित लोगों ने देशभक्ति के नारे लगाए, जिससे पूरा परिसर गूंज उठा।

सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र पाल पाठी ने कहा कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का बलिदान केवल इतिहास नहीं, बल्कि युवाओं के लिए एक प्रेरणा है। मौके पर वंदेमातरम ग्रुप के महानगर अध्यक्ष आकाश पाल, पार्षद अजय दास, सलीम खान, छात्र संघ सहसचिव तानिया पाल, सह संयोजक रूबी, आलेख शर्मा, विराट, विवेक गुप्ता, निखिल पाल, भविष्य पाल, अक्षय पाल, आयुषी, तन्मय पाल, मानव डोगरा, देव शर्मा, अनमोल आदि उपस्थित रहे।

परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# हाईवे की बदहाली को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन



काशीपुर। काशीपुर–रामनगर हाईवे के बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने पर सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालय पहुंचे और प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए सड़क निर्माण की मांग की। साथ ही मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। सोमवार को कांग्रेस महानगर अध्यक्ष अलका पाल और एआईसीसी सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस महासचिव अनुपम शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने एसडीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। महानगर अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि काशीपुर–रामनगर हाईवे की लगभग 30 किमी सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त है। जिम कॉर्बेट पार्क को जोड़ने वाली यह सड़क सरकार के विकास दावों की पोल खोल रही है। वहीं, प्रदेश महासचिव अनुपम शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार विकास के नाम पर झूठा ढिंढोरा पीट रही है, जिसका उदाहरण काशीपुर–रामनगर हाईवे है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो कांग्रेसी आंदोलन छेड़ देंगे।

## जखोली में सैनिक स्कूल स्थापित होने की जगी उम्मीद

चमोली। रुद्रप्रयाग विधानसभा से विधायक भरत सिंह चौधरी के कैबिनेट मंत्री बनने के बाद अब रुद्रप्रयाग के जखोली में सैनिक स्कूल की स्थापना की उम्मीद जगी है। बहुगुणा विचार मंच के गढ़वाल/कुमाऊं संयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश पुजारी ने कहा कि विधायक भरत चौधरी के कैबिनेट मंत्री बनने के बाद अब उन्हें जखोली में सैनिक स्कूल की स्थापना के लिए पैरवी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 में केंद्र व उत्तराखंड सरकार ने संयुक्त रूप से जखोली क्षेत्र के दिग्धार बड़मा में सैनिक स्कूल स्थापित करने को हरी झंडी दी थी। मगर भूमि समतलीकरण के बाद कार्यदायी संस्था ने काम छोड़ दिया। तब से स्कूल का निर्माण ठप पड़ा है। हरीश पुजारी ने कहा कि यदि यहां सैनिक स्कूल स्थापित हो जाता है तो पहाड़ के बच्चों को भी एनडीए और आईएमए संस्थान में प्रवेश लेकर भारतीय सेना के तीनों अंगों के अधिकारी बन सकेंगे।

# विदेश मंत्रालय के 18 सदस्यीय दल ने किया औली–गोरसो क्षेत्र का भ्रमण

चमोली। विदेश मंत्रालय के 18 सदस्यीय दल ने नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क के बफर जोन औली–गोरसो क्षेत्र का भ्रमण किया। दल में विभिन्न देशों के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से संबंधित अधिकारी शामिल रहे। यूनेस्को का कैटेगिरी टूर सेंटर वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (डब्ल्यूआईआई) की ओर से यह भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ट्रेनिंग ऑन माउंटेन हेरिटेज एंड नेचर, कल्चर, लिंकेज प्रोग्राम के तहत दल ने औली–गोरसो ईको टूरिज्म ट्रैक रूट का भ्रमण किया। इसमें अंतरराष्ट्रीय दल के सदस्यों को औली–गोरसो क्षेत्र की जैव विविधता, माउंटेंस, कल्चरल हेरिटेज, माउंटेंस लाइफ, फ्लोरा, फ्यूना, बुग्याल, विंटर स्पोर्ट्स, नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क, फूलों की घाटी, वर्ल्ड हेरिटेज साइट आदि के बारे में जानकारी दी गई। दल का नेतृत्व नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क के डीएफओ अभिमन्यु ने किया। साथ में वन क्षेत्राधिकारी चेतना कांडपाल, स्थानीय बर्ड वाचर संजय कुंवर, डब्ल्यूआईआई कार्यक्रम की समन्वयक मधुमिता सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे। विदेशी दल में श्रीलंका, भूटान, घाना, इंडोनेशिया, कैन्या, मलेशिया, नेपाल, पापुआ न्यूगिनी, साउथ सूडान, तजाकिस्तान, तंजानिया, वियतनाम देशों के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, वन्य जीव संस्थान, भू व प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय, पर्यटन मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, वन्य जीव संरक्षण मंत्रालय से जुड़े अधिकारी शामिल रहे।

## मारपीट एवं कहासुनी में छह युवकों का चालान

चमोली। वाहन में मामूली टक्कर से हुई कहासुनी और मारपीट करने वाले छह उपद्रवी युवकों का थाना पुलिस ने चालान किया। एसआई भूपेंद्र गोदियाल ने बताया कि पुलिस चौकी सिमली में संदीप जोशी, निवासी बागेश्वर ने शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि वह अपने दो साथियों की साथ दो दोपहिया वाहनों से तुंगनाथ चोपता से कर्णप्रयाग की ओर लौट रहे थे। तभी कालेश्वर में उनकी बाइक की एक युवक की बाइक से हल्की टक्कर हो गई थी। उन्होंने वहां रूक कर उक्त युवक से माफी मांग ली थी। इसके बावजूद उक्त युवक ने अपने साथियों को बुलाया और उनका पीछा करते हुए सिमली सिरोसैंण तिराहे पर उनके साथ मारपीट की और उनके दोपहिया वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया।

# डिप्लोमा इंजीनियर्स की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू, 27 सूत्रीय मांगों पर अड़े

अल्मोड़ा। लंबे समय से लंबित मांगों के पूरा न होने से राजकीय डिप्लोमा इंजीनियर्स में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के द्वितीय चरण के आंदोलन के तहत शाखा अल्मोड़ा द्वारा शक्ति सदन में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी गई। हड़ताल कार्यक्रम के तहत आयोजित बैठक की अध्यक्षता सहायक अभियंता पुनीता रानी ने की। इस दौरान महासंघ की 27 सूत्रीय मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग उठाई गई। प्रमुख मांगों में 10 वर्ष में प्रथम एसीपी के रूप में 5400 ग्रेड पे, 2006 से चली आ रही कनिष्ठ अभियंता पद की वेतन विसंगति को दूर करना, पूर्व व्यवस्था के अनुसार 10, 16 और 26



वर्ष की सेवा पर क्रमशः 5400, 6600 और 8700 ग्रेड पे प्रदान करना, जल निगम और जल संस्थान का एकीकरण, सहायक अभियंता से उच्च पदों पर पदोन्नति के लिए समानांतर व्यवस्था लागू करना तथा पुरानी पेंशन योजना लागू करना शामिल है। बैठक में मौजूद इंजीनियर्स ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक हड़ताल जारी रखी जाएगी। आंदोलन को लेकर कर्मचारियों में एकजुटता भी दिखाई दी। बैठक में मंडल सचिव कुमाऊं दीपक मटियाली, कुमाऊं मंडल महामंत्री लोनिवि हिमांशु जोशी, शाखा अध्यक्ष पूरन रावत, शाखा सचिव हितांशी नैलवाल, जनपद अध्यक्ष लोनिवि गणेश जोशी, जनपद अध्यक्ष सिंचाई विभाग जीवेश वर्मा, के जी गोस्वामी, आलोक ओली, रवि दानी, मनीष कुमार, विपिन चंद्र तिवारी, विशाखा पंत, ललिता पनेरु दानी, स्वाती पटवाल, दिव्या बिष्ट, तनुजा राणा गैड़ा, प्रदीप जोशी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## लोक कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

चमोली। प्रदेश सरकार के कार्यकाल के 4 वर्ष पूरे होने पर ब्लॉक सभागार में जन–जन की सरकार, चार साल बेमिसाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने अपने विभागों की ओर से चलाई जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी । बीडीओ बिरेन्द्र असवाल के संचालन में हुए कार्यक्रम में कनिष्ठ प्रमुख भूपेंद्र सिंह मेहरा, पूर्व प्रमुख यशपाल नेगी, स्वास्थ्य विभाग के डॉ. रिया घिड़ियाल, डॉ. विजय राणा, पंचायती राज विभाग के अरविंद डिमरी, ज्योत्सना, पशुपालन विभाग के दलवीर सिंह, मनोज सिंह, ग्रामीण विकास विभाग के कविता पिमोली आदि ने अपने–अपने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में महिला समूहों से जुड़ी महिलाओं तथा पंचायत प्रतिनिधियों ने शिरकत की।

# कोट गांव में बिना अनुमति के बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर लगी रोक

नई टिहरी। भिलंगना ब्लॉक के गोनगढ़ पट्टी के ग्राम पंचायत कोट के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में बैठक कर बाहरी व्यक्ति के बिना अनुमति के गांव में प्रवेश पर प्रतिबंधित लगा दिया है। बैठक जबरन प्रवेश करने वाले व्यक्ति से ग्रामीण 51 सौ रुपये के जुर्माना वसूलेंगे। कोट गांव के ग्राम प्रधान जीत सिंह गुनसोला ने बताया गत दिन महिला मंगल, नव युवक समिति और ग्रामीणों ने बैठक कर फेरी, कबाड़ी तथा अन्य प्रकार के सामान बेचने वालों का गांव बिना अनुमति के प्रवेश प्रतिबंध कर दिया है। गांव के दोनों मुख्य रास्तों पर चेतावनी बोर्ड लगा कर उन पर जुर्माने की राशि को भी अंकित कर दिया गया है। बाहरी लोग सामान बेचने और कबाड़ एकत्रित करने के नाम के बिना रोक–टोक के गांव के अंदर घुस जाते हैं जिससे गांव में अनहोनी की आशंका बनी रहती है। महिला मंगल दल की अध्यक्ष माला देवी ने कहा कि गांव में बाहरी लोगों के आने पर प्रतिबंध लगाया जाना जरूरी है। इसके लिए महिला मंगल से जुड़ी महिलाएं और नव युवक समिति का सहयोग लिया जाएगा। ग्राम प्रधान ने गुनसोला ने बताया जुर्माने की जो भी धनराशि एकत्रित होगी उसका उपयोग गांव में होने वाले सार्वजनिक कार्यों में लाया जाएगा। इस मौके पर महिला मंगल की उपाध्यक्ष पार्वती देवी, बचनी देवी, सिबला देवी, रुक्मणी देवी, जायत्री देवी, भाना देवी, अनिल गुनसोला, गोपाल सिंह, दीपक पंवार अनूप कुमार आदि मौजूद थे।

# कांग्रेस ने गैस संकट मुद्दे पर डीएसओ को घेरा

देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी ने गैस आपूर्ति की कमी, वितरण व्यवस्था में सुधार आदि मुद्दों को खाद्य पूर्ति अधिकारी केसमक्ष उठाया। कहा कि शहर में गैस सिलेंडरों का बैकलॉग हजारों की संख्या में पहुंचने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। सोमवार को महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस वर्करों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला पूर्ति अधिकारी से मुलाकात की।

उन्होंने शहर में गैस आपूर्ति की कमी, वितरण व्यवस्था में सुधार, नवगठित शहरी वार्डों के लिए गैस लिमिट संशोधन एवं उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए डीएसओ ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पूर्व महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण घरेलू एवं व्यावसायिक गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है। इससे जनता परेशान हो रही है। शहर में गैस सिलेंडरों का बैकलॉग हजारों की संख्या में पहुंच गया है, जिससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। प्रशासन द्वारा स्थिति सामान्य होने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है। कहा कि लोगों को आज भी गैस एजेंसियों और गोदामों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं और उन्हें समय पर गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है। लालचन्द शर्मा ने बताया कि एनएफएसए के राशन कार्डों में पिछले डेढ़ साल से नवजात शिशुओं और नवविवाहित महिलाओं के नाम दर्ज नहीं हो पा रहे हैं, जिससे पात्र परिवारों को लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने मांग की कि पात्र व्यक्तियों के नए राशन कार्ड बनाए जाएं, अंत्योदय कार्ड की तर्ज पर चीनी का आवंटन जारी किया जाए। महंगाई को देखते हुए तेल, दाल आदि को भी राशन में शामिल किया जाए। एपीएल कार्ड धारकों को गेहूं का कोटा और रियायती दर पर चावल उपलब्ध कराने तथा लंबित स्मार्ट कार्ड शीघ्र जारी करने की भी मांग की गई। प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र पोखरियाल ने कहा कि सरकार की लापरवाही और कुप्रबंधन के कारण आम जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। कहा कि गैस जैसी आवश्यक वस्तु की उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन वर्तमान व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। जिला पूर्ति अधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उपभोक्ताओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

## भूकंप, अग्निकांड से सुरक्षा के लिए कराया मॉक अभ्यास

चमोली। डॉ. आरएसटी (रघुनंदन सिंह टोलिया) उत्तराखंड प्रशासन अकादमी नैनीताल के आपदा प्रबंधन की ओर से महाविद्यालयों के प्राध्यापकों को तीन दिवसीय आपदा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में भूकंप, वनाग्नि और अग्निकांड से सुरक्षा के लिए मॉक अभ्यास कराया जा रहा है। महाविद्यालय के वीसी कक्ष में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ एसडीएम सोहन सिंह रांगड़ ने किया। डॉ. मंजू पांडेय ने उत्तराखंड में घटित आपदाओं के बारे में बताया। उपजिलाधिकारी सोहन सिंह रांगड़ ने कहा कि कार्यशाला के दी गई जानकारी से आपदा से निपटने और उसको कम करने में मदद मिलती है। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. राम अवतार सिंह, डॉ. आरसी भट्ट, डॉ. बीसीएस नेगी, डॉ. राधा रावत, डॉ. कविता पाठक आदि मौजूद रहे।

# लोल्टी गांव में शराब की उपदुकान का किया विरोध

चमोली। थराली विकास खंड के लोल्टी गांव में अंग्रेजी शराब की उपदुकान खोलने का स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने विरोध किया। जनप्रतिनिधियों ने इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र में उपदुकान का संचालन बंद नहीं किया गया तो क्षेत्र में सरकारी कार्यों का विरोध किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य चौंडा वार्ड कला देवी के नेतृत्व में जिला आबकारी अधिकारी से मिले जनप्रतिनिधियों ने कहा कि लोग शराब के विरोध में आवाज उठा रहे हैं। वहीं लोल्टी में अंग्रेजी शराब की दुकान खोली जा रही है। इसका क्षेत्र में जोरदार विरोध किया जाएगा। कहा कि लौल्टी, तुंगेश्वर, देवराड़ा और हरचन गांव की महिलाओं ने पूर्व में भी शराब की दुकान का विरोध किया था तब उन्हें शराब कारोबारी की ओर से कोर्ट के नोटिस भेजे गए। अब फिर से यहां शराब की दुकान का संचालन किया जा रहा है। चेतावनी दी गई यदि 31 मार्च तक दुकान का संचालन बंद नहीं किया गया तो क्षेत्र में सरकारी कार्यों का विरोध किया जाएगा। इस मौके पर लक्ष्मण सिंह, मनमोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

### इज्जर गांव में महिलाओं ने किया शराब बंदी का फैसला

पोखरी। ग्राम पंचायत कांडई खोला के ग्राम इज्जर में महिला मंगल दल ने गांव में शराबबंदी का निर्णय लिया है। महिला मंगल दल अध्यक्ष सरिता देवी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि किसी भी सार्वजनिक समारोह में शराब पीने व पिलाने पर दंडात्मक और कानूनी कार्रवाई का निर्णय लिया गया।


जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com